दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper


# लोकतंत्र की आवाज

आवश्यकता
सुपौल, सीतामढ़ी
मधुबनी, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई,
के लिए संवाददाता सह विज्ञापन प्रतिनिधि के रूप में काम करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
9525278483, 6200031466

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा सोमवार 01 जुलाई 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 520

## संक्षिप्त खबरें ।

### अगर बाइडन नही तो कौन? अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में क्या मिशेल ओबामा होंगी कैंडिडेट, जानें कौन-कौन दावेदार



**लोक तंत्र की आवाज**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 28 जून पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट हुई. मौजूदा राष्ट्रपति और डेमोक्रेट नेता जो बाइडन और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंदी डोनाल्ड ट्रंप के बीच 90 मिनट तक गर्मागर्म बहस हुई. अर्थव्यवस्था से लेकर अमीरों को फायदा पहुंचाने तक कई तरह के आरोप-प्रत्यारोप लगे. लेकिन इस बहस में बाइडन कमजोर पड़ते नजर आए. डिबेट के दौरान बाइडन की जुबान बीच-बीच में लड़खड़ा रही थी, कहीं-कहीं पर वे क्या कर रहे हैं, वह साफ-साफ सुनाई भी नहीं दे रहा था. ऐसे में अब एक नई बहस छिड़ गई है कि अगर बाइडन उम्मीदवार नहीं तो उनकी जगह कौन होगा?

दरअसल, प्रेसिडेंशियल डिबेट के बाद डेमोक्रेट चंदा देने वाले लोगों ने सवाल उठा दिया. कहा, ऐसा लगता है कि बाइडन 'अयोग्य' हो गए हैं. उनमें नेतृत्व करने की क्षमता नहीं बची. ऐसे में सवाल उठा कि आखिर बाइडन अगर नहीं होंगे तो उनकी जगह कौन उम्मीदवार हो सकता है. रिपब्लिकन तो बराक ओबामा की पत्नी मिशेल ओबामा का नाम उछालने लगे हैं. उन्हें कैंडिडेट बनाने की वकालत करते नजर आ रहे हैं। निक्की हेली ने ट्विटर पर लिखा, मेरे शब्दों को याद रखें बाइडन डेमोक्रेट उम्मीदवार नहीं होंगे. रिपब्लिकन, सावधान हो जाओ! विवेक रामास्वामी ने बाइडन पर निशाना साधते हुए लिखा, खेल अब पहले से कहीं ज्यादा स्पष्ट हो गया है. डेमोक्रेट पार्टी ने आज रात एक बूढ़े व्यक्ति को बलि का बकरा बना दिया, उन्हें अब कैंडिडेट बदलने के लिए करना चाहिए. सीनेटर टेड क्रूज़ ने जो ट्वीट किया, उससे हंगामा मच गया।

# दुनिया को बचाने के लिए ये जरूरी! चीन को क्यों याद आए भारत के पंचशील सिद्धांत, जिनपिंग ने कह दी बड़ी बात

**लोक तंत्र की आवाज**



**बीजिंग।** चीन ने पहली बार विश्व भर में चल रहे युद्ध को रोकने के लिए भारत के पंचशील सिद्धांत को याद किया है. चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वर्तमान के संघर्षों को रोकने के लिए 'पंचशील के सिद्धांत' के तहत पश्चिमी देशों के साथ 'ग्लोबल साउथ' में अपने देश का प्रभाव बढ़ाने पर जोर दिया. ग्लोबल साउथ चीन , भारत , इंडोनेशिया , ब्राजील और पाकिस्तान का घर माना जाता है. गौरतलब है कि शी ने यह कमेंट पंचशील के सिद्धांतों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ पर किया।

भारत के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू को पंचशील सिद्धांत का जनक माना जाता है. वे स्वतंत्र भारत की आवाज दुनिया के पटल रखने के लिए इस सिद्धांत को लेकर आए थे. इस सिद्धांत पर नेहरू ने 50 के दशक के शुरुआत में ही अमल शुरू कर दिया था, लेकिन ₹गुट निरपेक्षता₹ शब्द उनके राजनीतिक जीवन के बाद के हिस्से में 1961 के करीब सामने आया था।

**चीन भारत में बनी थी सहमति?:** विदेश मंत्रालय के अनुसार पंचशील के सिद्धांतों को पहली बार औपचारिक रूप से 29 अप्रैल, 1954 को तिब्बत क्षेत्र के बीच व्यापार व संबंध को लेकर चीन और भारत के बीच हुए समझौते में शामिल किया गया था. चीन में इसे शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांत जबकि भारत में पंचशील का सिद्धांत कहा जाता है. तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और चीन के प्रधानमंत्री चाऊएनलाई जब सीमा मुद्दे का समाधान खोजने में विफल रहे थे, तब उन्होंने पंचशील के सिद्धांतों पर सहमति जताई थी।

**समय की मांग की मांग है यह:** शी ने कहा, 'शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांतों ने समय की मांग को पूरा किया और इनकी शुरुआत एक अपरिहार्य ऐतिहासिक घटनाक्रम था. अतीत में चीनी नेतृत्व ने पहली बार पांच सिद्धांतों यानी 'एक-दूसरे की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान', 'गैर-आक्रमकता', 'एक दूसरे के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना', 'समानता और पारस्परिक लाभ', तथा 'शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व' को संपूर्णता के साथ निर्दिष्ट किया था।

**20 से अधिक देश शामिल हुए:** जिनपिंग ने कहा कि 1955 में बांडुंग सम्मेलन में 20 से अधिक एशियाई और अफ्रीकी देशों ने भाग लिया था. उन्होंने कहा कि 1960 के दशक में उभरे गुटनिरपेक्ष आंदोलन ने भी इन सिद्धांतों को मार्गदर्शक सिद्धांत के तौर पर अपनाया. अमेरिका और यूरोपीय संघ से बढ़ती रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का सामना करते हुए हाल के वर्षों में एशियाई, अफ्रीकी और लातिन अमेरिकी देशों में अपना प्रभाव बढ़ाने की जुगत में लगे चीन का भारत और अन्य विकासशील देशों के साथ संघर्ष हुआ है।

**सहअस्तित्व के पंच सिद्धांत**

शी ने सम्मेलन में कहा, 'उन्होंने चीन-भारत और चीन-म्यांमार संयुक्त वक्तव्यों में पांच सिद्धांतों को शामिल किया था. इन वक्तव्यों में पांच सिद्धांतों को द्विपक्षीय संबंधों के लिए बुनियादी मानदंड बनाने का आह्वान किया गया था.' इस सम्मेलन में श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे समेत चीन के करीबी देशों के नेता व अधिकारी शरीक हुए.

## इजरायल ने गाजा में फिर किए ताबड़तोड़ हमले, 40 फिलिस्तीनियों की मौत



**लोक तंत्र की आवाज**

**गाजा।** इजरायल और हमास के बीच जंग थमने का नाम नहीं रही. यहां गाजा पट्टी में पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली हमलों में कम से कम 40 फिलिस्तीनी मारे गए और 224 अन्य घायल हो गए. गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि कुल फिलिस्तीनी मौतों की संख्या अब 37,834 हो गई है. अक्टूबर 2023 से फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से 86,858 लोग घायल हुए हैं।

अधिकारियों ने कहा कि इजरायली बलों और फिलिस्तीनी सशस्त्र गुटों के बीच झड़पों के कारण बचाव दलों को कई बाधाओं का सामना करना पड़ा, खास कर दक्षिणी गाजा के रफा शहर और पूर्वी गाजा के शुजाया में. इजरायली सैन्य प्रवक्ता अविचाय एड्रै ने शनिवार को एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली सेना शुजाया क्षेत्र में आतंकवादी ठिकानों पर हमला जारी रखे हुए है।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ घंटों में सेना ने झड़पों में कई को मार गिराया और इजरायली सैनिकों को क्षेत्र में एक स्कूल परिसर के अंदर एक हथियार डिपो मिला है. एड्रै के अनुसार, रफा में इजरायली सेना ने कई आतंकवादियों को मार गिराया और सुरंग सहित कई आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया।

इस बीच, फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि हजारों लोग आश्रय, भोजन, दवा और स्वच्छ पानी की समस्या झेल रहे हैं, हालात और भी बदतर हो गए हैं. पेंटागन ने शुक्रवार को घोषणा की कि मानवीय सहायता के लिए गाजा के तट पर लंगर डाले हुए अमेरिकी जहाज को प्रतिकूल मौसम के कारण हटा दिया गया है।

## न खामनेई समर्थक जलीली न ही हिजाब विरोधी पजशिकयान, ईरान में किसी को बहुमत नहीं; जुम्मे के दिन फिर चुनाव

**लोक तंत्र की आवाज**



**ईरान।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रहीसी की मौत के बाद ईरान में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव जारी है। शुक्रवार को हुई वोटिंग में किसी भी उम्मीदवार को बहुमत नहीं मिला है। किसी भी पक्ष को 50 फीसदी वोट नहीं मिलने के कारण अब अगले शुक्रवार फिर से चुनाव होंगे। इस चुनाव में सबसे अधिक वोट हासिल करने वाले सईद जलीली और मसूद पाजशकियान के बीच सीधा मुकाबला होगा।

ईरान के आंतरिक मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि 61 मिलियन से अधिक पात्र ईरानियों में से केवल 40 फीसदी लोगों ने मतदान किया, जो देश की क्रांति के बाद से राष्ट्रपति चुनावों में एक नया निचला स्तर है। हालांकि इस चुनाव से ईरान की नीतियों में कोई बड़ा बदलाव आने की संभावना नहीं है, लेकिन इसके नतीजे 1989 से सत्ता में बैठे ईरान के 85 वर्षीय सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के उत्तराधिकार को प्रभावित कर सकते हैं। ईरान के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी सर्वोच्च नेता के लिए पहली पसंद माना जा रहा था। अब उनकी मौत के बाद यह चुनाव और भी ज्यादा दिलचस्प हो गया है।

**हिजाब का मुद्दा रहा सबसे ऊपर:** ईरानी मीडिया की रिपोर्टों के मुताबिक इस चुनाव में इस बार नए मुद्दे निकलकर सामने आए हैं। भ्रष्टाटार का मुद्दा, देश की आर्थिक स्थिती, प्रेस की आजादी जैसे मुद्दे छाए रहे, सबसे चौंकाने वाला मुद्दा हिजाब कानून का रहा। 2022 में महीसा अमीनी से शुरू हुआ यह हिजाब विरोधी संघर्ष और उसके बाद सरकार द्वारा किया गया उसका दमन वोटर्स के दिमाग में सबसे बड़ा मुद्दा रहा। हिजाब ईरान में लंबे समय से ईरान में धार्मिक पहचान का प्रतीक रहा है, ईरान में इस्लामिक क्रांति के बाद से हिजाब को एक राजनीतिक हथियार के रूप इस्तेमाल किया जाता रहा है। 1979 में क्रांति के बाद से ईरान में जब से हिजाब का कानून लागू हुआ था, तब से महिलाएं अलग-अलग तरह से इशका विरोध करती रही है। महिला वोटर्स पर प्रभाव छोड़ने के लिए कट्टरपंथी छवि के नेता मोहम्मद बाकर कालिबाफ ने कुछ दिन पहले कहा था कि हिजाब कानून पर शुरुआत से सोचने की जरूरत है।

## एमएलसी से लेकर पत्रकार, इओयू ने तैयार की बिहार के 55 बालू माफियाओं की लिस्ट, एक्शन में नीतीश सरकार

**लोक तंत्र की आवाज**



**पटना।** बिहार में बीजेपी के साथ मिलकर सरकार बनाते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश में माफियाओं पर लगाम लगाने के लिए विशेष रणनीति बनाकर काम करने का निर्देश दिया था. इसके बाद से ही बिहार सरकार ने सूबे से माफिया राज को खत्म करने का संकल्प ले रखा है. इसी के तहत बिहार में खासतौर पर बालू माफियाओं के खिलाफ सरकार ने एक्शन प्लान तैयार किया है. बिहार सरकार ने माफियाओं पर लगाम लगाने के लिए आर्थिक अपराध इकाई (एडव) को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी है. आर्थिक अपराध इकाई ने कार्रवाई करते हुए बालू के अवैध कारोबार में संलिप्त 55 लोगों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. बालू माफियाओं की इस 55 लोगों की इस लिस्ट में एमएलसी (टछउ), पत्रकार, सफेदपोश और कई बड़े नाम शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार पहले चरण में 13 जिलों के 55 कारोबारी पर शिकंजा करने का प्लान तैयार किया गया है. आर्थिक अपराधी इकाई सभी 13 जिलों के 55 बालू माफियाओं पर कार्रवाई के मूड में है. संबंधित जिलों से इन माफियाओं के बारे में रिपोर्ट मांगी गयी है. आर्थिक अपराध इकाई ने जो सूची तैयार की है उसमें पटना जिला के 13 बालू माफिया हैं जबकि भोजपुर जिले के 9 बालू माफिया, औरंगाबाद के 9, सारण के 8, रोहतास के 8, जहानाबाद के 1 और बांका के 3 बालू माफियायों के नाम हैं। इन बालू माफियाओं से संबंधित विस्तृत आर्थिक रिपोर्ट आर्थिक अपराध इकाई के कार्यालय में पहुंच चुकी है. पटना पुलिस प्रशासन आरती का प्राधिकारी द्वारा तैयार की गई. सूची में सबसे ज्यादा पटना से 13 बालू माफिया है. पटना पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों का कहना है कि पुलिस बालू के अवैध खनन को रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है. अधिकारियों ने कहा है कि बालू माफिया पर अंकुश लगाना पुलिस की प्राथमिकता भी है।

## पप्पू यादव से फिर लालू-तेजस्वी यादव को झटका!

**लोक तंत्र की आवाज**

**पूर्णिया ।** लोकसभा चुनाव 2024 में एक-दूसरे के खिलाफ ताल ठोकने वाले प्रत्याशियों की चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव से रुपौली विधानसभा से राष्ट्रीय जनता दल की प्रत्याशी बीमा भारती ने मुलाकात की है। दोनों की इस मुलाकात बिहार का सियासी पारा गरमाने लगा है। रुपौली विधानसभा उपचुनाव को लेकर यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है। राष्ट्रीय जनता दल के टिकट पर मैदान में उतरीं बीमा भारती ने पूर्णिया सांसद पप्पू यादव का समर्थन मांगा है और उनसे मुलाकात की है। हालांकि अब तक इस मुलाकात को लेकर पप्पू यादव की ओर से कोइ प्रतिक्रिया नहीं आई है।

वहीं बीमा भारती के समर्थकों का कहना है कि राजद प्रत्याशी पप्पू यादव को अपना अभिभावक मानती हैं। इसलिए वह उनसे आशीर्वाद मांगने गई थीं। राजनीतिक पंडितों की मानें तो बीमा भारती एक बार फिर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को चौंका सकती हैं। तेजस्वी यादव ने पप्पू यादव के खिलाफ चुनाव प्रचार किया था। पप्पू यादव पर कई बार तेजस्वी यादव पर निशाना साधते दिखे। ऐसे में बीमा भारती का अचानक पूर्णिया सांसद से मिलना काफी चौंकाने वाला है।

**13 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था:** गौरलतलब है कि रूपौली विधानसभा सीट पर कुल 11 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिसमें से 5 निर्दलीय और 6 पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़ रहे हैं लिहाजा पप्पू यादव ने अबतक यहां साइलेंट रहने की ही रणनीति अपनायी है। वहीं बीमा भारती ने उनसे मुलाकात कर चुनावी नैया को पार लगाना चाहती है। बताते चलें कि रुपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल 13 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। 24 जून को संवीक्षा के दौरान एक निर्दलीय प्रत्याशी नीलम देवी के नामांकन पत्र में त्रुटि पाए जाने कारण उनका नामंकन रद्द कर दिया गया। इसके बाद नाम वापसी की अंतिम तिथि को बुधवार को एक और निर्दलीय प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। अब 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमाएंगे।

**मैदान में बचे अब इतने उम्मीदवार:** मैदान में अब जदयू से कलाधर मंडल, राजद से बीमा भारती, राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी से चंद्रदीप सिंह, भारतीय सार्थक पार्टी से राजीव कुमार, आजाद समाज पार्टी से रवि रौशन, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में शंकर सिंह, लालू प्रसाद यादव, अरविंद प्रसाद सिंह, मु. शादाब आजम, खगेश कुमार व दीपक कुमार बचे हैं।

**बीमा भारती की मुलाकात से बढ़ा बिहार का पारा**



## 17000 फीट ऊंचाई से समुद्र में गिरा जहाज, 152 लोगों की लाशें मिली

**लोक तंत्र की आवाज**

**नई दिल्ली।** एयरबस ए310-324 ट्विन-इंजन जेट एयरलाइनर 17000 फीट की ऊंचाई पर था और अपने लैंडिंग पॉइंट के करीब था कि पायलट ने एक गलती कर दी, जिसके बाद जहाज से उसका कंट्रोल छूट गया। इतनी ऊंचाई पर जहाज के इंजन बंद हो गए और वह पलटियां खाते हुए भारत के समुद्री क्षेत्र में गिरकर क्रैश हो गया। रेस्क्यू टीम को 152 लोगों की लाशें समुद्र में तैरती मिलीं। मृतकों का सामान और जहाज का मलबा भी समुद्र से निकाला गया।

वहीं 12 साल की एक लड़की अधमरी हालत में मिली, जिसे मौके पर मेडिकल ट्रीटमेंट देकर बचा लिया गया। वह 13 घंटे समुद्र में तैरने के बाद जहाज के मलबे से चिपकी मिली। 13 दिन बाद पूरी तरह ठीक होने के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। जांच में हादसे की वजह पायलट को बताया गया। वह जहाज में आई खराबी को समझ नहीं पाया और गफलत में उसने टेक्निकल चीजें खराब कर दीं, जिससे जहाज के इंजन बंद हो गए और वह क्रैश हो गया।

**पायलट की एक गलती के कारण प्लेन क्रैश**



## जीत के बाद मालामाल हुई टीम इंडिया, साउथ अफ्रीका को भी मिले करोड़ों रुपए

**लोक तंत्र की आवाज**



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2024 की ट्रॉफी जीत ली. भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारी. यह भारत की टी20 विश्व कप में दूसरी जीत है. इससे पहले टीम ने साल 2007 के टी20 विश्व कप में खिताब जीता था.

टी20 विश्व कप के लिए आईसीसी ने पहले ही प्राइज मनी का ऐलान कर दिया था. इस जीत के बाद टीम इंडिया मालामाल हुई. वहीं, साउथ अफ्रीका को भी करोड़ो रुपए मिले। भारत को टी20 वर्ल्ड कप में जीत के बाद को 2.45 मिलियन अमेरिकी डॉलर दिए गए. भारतीय रुपये में यह 20.42 करोड़ के आसपास है. इसके अलावा टीम इंडिया को चमचमाती ट्रॉफी भी मिली. वहीं, साउथ अफ्रीका हार के बाद भी मालामाल हुआ. उन्हें 1.28 मिलियन डॉलर मिले. यानी भारतीय रुपयों में करीब 10.67 करोड़ मिले. तो वहीं, सुपर 8 में बाहर होने वाली टीम को 3.8 करोड़ रुपये मिलेंगे. नौवें से लेकर 12वें स्थान पर रहने वाली टीम को 2.6 करोड़ रुपए दिए गए।

विराट कोहली को फाइनल के बाद प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया. उन्हें रिवॉर्ड के रूप में 5000 डॉलर दिए गए. भारतीय रुपए में करीब 4,16,821 रूपए मिले. वहीं जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे. उन्हें रिवॉर्ड के रूप में 15000 डॉलर दिए गए. भारतीय रुपयों में करीब 12,50,465 रुपए. टूर्नामेंट की बात करें तो बुमराह ने 8 मैच में कुल 15 विकेट अपने नाम किए।

## हिमंत विश्व शर्मा ने रांची दौरे में खींच दी ट्राईबल रेखा! बीजेपी इन चेहरों पर खेल सकती है बड़ा दांव

**लोक तंत्र की आवाज**



**झारखंड प्रभारी निशांत तिवारी की रिपोर्ट**

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव का रणनीतिक बिगुल बज चुका है. विधानसभा चुनाव में बीजेपी की रणनीति और दिशा क्या होगी यह बहुत हद तक बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंत विश्व शर्मा के रांची दौरे से साफ हो गया. 29 जून को एकदिवसीय रांची दौरे पर पहुंचे हिमंत विश्व शर्मा की पार्टी के जनजातीय नेताओं के साथ मुलाकात की जो तस्वीरें सामने आयी उससे साफ हो गया कि बीजेपी अब राज्य की 26% आदिवासी वोट को अपना बनाना चाहती है।

दरअसल हिमंत विश्व शर्मा ने रांची दौरे के दौरान बीजेपी की जिन ट्राइबल बड़े नेताओं के साथ मुलाकात की. उन सभी नेताओं को झारखंड विधानसभा में चुनाव लड़ने के लिए उतारा जा सकता है. इस लिस्ट में अगर अरुण उरांव को छोड़ दें तो तो चाहे वह अर्जुन मुंडा हो या फिर सुदर्शन भगत, गीता कोड़ा, सीता सोरेन या फिर समीर उरांव. इन तमाम नेताओं को लोकसभा चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा है. लेकिन, झारखंड में यह सभी पार्टी के लिए बड़े ट्राइबल लीडर्स में एक है। लोकसभा चुनाव में भले ही इन नेताओं का परफॉर्मेंस बहुत बेहतर नहीं रहा है. लेकिन, पार्टी इन सभी बड़े चेहरों को विधानसभा चुनाव में मौका दे सकती है।

**उम्मीदवारों की लिस्ट**

| | |
|---|---|
| *समीर उरांव | गुमला |
| *सुदर्शन भगत | लोहरदगा |
| *अर्जुन मुंडा | खरसावां |
| *गीता कोड़ा | जगन्नाथपुर |
| *सीता सोरेन/जयश्री सोरेन (बेटी) | जामा |
| *अरुण उरांव | अभी तय नहीं। |

## संक्षिप्त खबरें ।

### महीनों से फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के ठेरा पंचायत स्थित जलालपुर गांव निवासी कपिलदेव प्रसाद के पुत्र श्रवण कुमार को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया।बताया गया कि महीनों से फरार वारंटी श्रवण कुमार को पुलिस ने वारिसलीगंज शहर के गौरक्षणी मोड़ से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार श्रवण पुलिस की नजर से महीनों से फरार चल रहा था।श्रवण के विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट निर्गत था।गिरफ्तार वारंटी श्रवण को पुलिस ने शनिवार को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया।इस आशय की जानकारी थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा ने दी।

### जविप्र विक्रेता के विरुद्ध जिलाधिकारी से शिकायत अंगूठा लगवा खाद्यान नहीं देने का आरोप

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज नगर परिषद के वार्ड संख्या-21 बलवापर निवासी सुरेश राय की पत्नी सह पूर्व वार्ड पार्षद नीलम देवी ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर बाजार के पीडीएस डीलर सुभाष प्रसाद के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाया है। लाभुक द्वारा डीएम को दिए आवेदन में कहा गया है कि पीडीएस विक्रेता के द्वारा अप्रैल माह में घर जाकर अंगूठा लगवाते हुए कहा कि मई माह में एक साथ दो माह का खाद्यान दे दूंगा। लेकिन जब दुकानदार से खाद्यान की मांग की गई तब कहा गया कि आपका दुकानदार पुष्पा देवी का लाइसेंस जारी हो चुका है। अब खाद्यान वही देगा, जब अंगूठा लगवाने के पहले का खाद्यान की मांग किया तो दुकानदार रौब दिखाते हुए दुकान से निकाल दिया। बता दें कि जविप्र दुकानदार सुभाष प्रसाद का पुत्र मनीष दुकान संचालित करता है। जिसके विरुद्ध कम वजन देने की भी शिकायत नप के बलबापर वार्ड 21 के कई उपभोक्ता लगाते हैं।

### कौआकोल में युवक की संदेहास्पद मौत,आत्महत्या की आशंका

**रौशन कुमार सोनू**

**कौआकोल( नवादा )।** कौआकोल थाना क्षेत्र के बड़राजी-विशनपुर मुख्य पथ पर अवस्थित बजरंगबली मन्दिर के पास बंसेड़ी से पुलिस ने रविवार को एक युवक का शव बरामद किया है। बरामद शव की पहचान थाना क्षेत्र के रामपुर बलुआ गांव निवासी सेवानिवृत्त पंचायत सचिव बैजनाथ यादव के 30 वर्षीय पुत्र सुबोध यादव के रूप में किया गया है। आशंका जताई जा रही है कि युवक ने सल्फास की टिकिया खाकर आत्महत्या कर लिया। घटनास्थल के पास सल्फास की टिकिया के खाली प्लास्टिक भी बरामद किया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार मृतक युवक दो-तीन दिन पूर्व भी गांव में ही आत्महत्या का प्रयास किया था। वहीं स्थानीय लोगों की मानें तो मृतक शराबी किस्म का युवक था। थानाध्यक्ष ने शव बरामदगी की पुष्टि करते हुए बताया कि ग्रामीणों द्वारा प्राप्त सूचना के आलोक में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

### सिरदलाः अकौना पंचायत के नाथ गांव में सर्प दंश से एक 12 वर्षीय किशोर की हुई मौत



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

सिरदला प्रखंड के अकौना पंचायत के नाद गांव में शनिवार की रात्रि करीब 12 :00 बजे घर में सोए तीन बच्चे में एक बच्चे को करैता सांप ने काट लिया। सांप काटने के बाद बच्चा चिल्लाने लगा। सभी लोग जागे तो घर में करैता साफ देखा गया। जिसको एक तसला में कैद कर, जख्मी किशोर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला लाया गया। जहां उपस्थित चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया। सदर अस्पताल नवादा पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सांप काटे किशोर की पहचान नाद गांव निवासी राजेंद्र राजवंशी के 12 वर्षीय पुत्र आदिल कुमार के रूप में की गई है। मौत की खबर सुनते ही गांव में कोहराम मच गया। तथा परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

## नवादा के तिलैया नदी में नहाने के दौरान डूबे 5 बच्चे, दो बच्चे की हुई मौत

**लोक तंत्र की आवाज़**

**घटना रविवार को नवादा जिले के मेसकौर प्रखंड क्षेत्र में हुई**





**सुनील कुमार**

**नवादा ।** तिलैया नदी में स्नान के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। जबकि, तीन बच्चे बाल-बाल बच गए। जिसमें एक की हालत नाजुक बनी है। जिसका इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। घटना रविवार को नवादा जिले के मेसकौर प्रखंड क्षेत्र में हुई। दोनों मृतक मेसकौर के देवरा गांव के थे। बताया जाता है कि रविवार को दिन के करीब 11 बजे देवरा गांव के कुछ बच्चे पास से गुजर रही तिलैया नदी में स्नान करने गए। पहली बारिश के बाद नदी में पानी का बहाव शुरू हुआ है। स्नान के दौरान ही बच्चे गहरे पानी में चले गए। बच्चों को डूबता देख आसपास रहे लोगों ने बचाने का प्रयास किया। तीन बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन दो बच्चों की मौत हो गई। मृतकों में शिव कुमार चौधरी का 10 वर्षीय पुत्र सतीश कुमार उर्फ कारू और प्रवीण कुमार का पुत्र 11 वर्षीय पुत्र प्रिंस राज शामिल है। एक बच्चे की हालत थोड़ी नाजुक बताई गई है, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। बच्चों की मौत के बाद उनके घरों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। मेसकौर थाना की पुलिस सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों बच्चों के शव को बरामद कर ली है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। बता दें कि शनिवार की शाम से जिले में मॉनूसन की बारिश हो रही है। सकरी, तिलैया, ढांढर, खुरी सहित प्रायः नदियों में पानी का बहाव शुरू हो गया है। इन नदियों में बालू खनन से जगह-जगह कुआं की शक्ल में गड्ढे बने हुए हैं। ऐसे में जान-माल का खतरा हमेशा बना रहता है। प्रतिवर्ष बरसात के दिनों में इस प्रकार की घटनाएं होती है। सरकार व प्रशासन नदियों में जाने से लोगों को मना करती है, लेकिन इसका असर होता नहीं है। जिसका परिणाम देवरा जैसी घटनाएं सामने आती है।

## 106 झंडा समिति को तलवार और राम दरबार का मोमेंटो दे किया गया सम्मानित



**लोकतंत्र की आवाज़**

**गया।** श्री रामनवमी पूजा केंद्रीय समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है ।कार्यक्रम की विधिवत उद्घाटन दीप प्रोज़लन कर बिहार सरकार के मंत्री संतोष सुमन, संरक्षक सदस्य अनिल स्वामी, डॉ जगदीश शर्मा, कौशलेन्द्र कुमार,कार्याध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह,संगठन मंत्री ओम प्रकाश सिंह,महामंत्री मनीलाल बारीक, वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद भदानी ने किया है ।इस मौक़े पर बिहार सरकार के मंत्री संतोष सुमन ने कहा कि गया में श्री रामनवमी केंद्रीय पूजा समिति द्वारा बिहार का सबसे बड़ा शोभा यात्रा का आयोजन किया जाता हैं. हमारा सौभाग्य है कि हम इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं ।राम भक्तो के साथ हमारी पार्टी हर दम खड़ी रहेगी ।रामनवमी शोभा यात्रा के आयोजन में आनें वाली सभी समस्याओं को हम दूर करेंगे। अगले बार आयोजित होने वाली शोभायात्रा और भव्य हों इसके लिए पूरी तैयारी हम लोग अभी से ही करे ।इस सम्मान समारोह में गया शहर के 106 झंडा प्रभारियों के साथ-साथ शोभा यात्रा में सहयोग करने वाले लोगों को राम दरबार का मोमेंटो, तलवार व भगवा वस्त्र देकर सम्मानित किया गया है ।कार्याध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह ने बताया अगली बार के लिए अभी से संकल्प ले कि इससे अधिक झंडा निकालेंगे। उन्होंने कहा कि वैसे लोग सावधान हो जाए जो शोभा यात्रा में बाधा उत्पन्न करते है। केन्द्रीय समिति ऐसे लोगों को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे। हम सभी का सौभाग्य हैं कि हम लोग गया में जन्म लिये और इस शोभायात्रा के आयोजन में अपनी भूमिका निभाते हैं ।हम लोग आयोजन को और अच्छा करे इसके लिए अभी से प्रयास करे. पूरा हिंदू समाज एक हो कर गया कि शोभायात्रा को देश का सबसे बड़ा यात्रा बनाने के लिए पूरी ताक़त के साथ कार्य करे ।पूरा गया राम मय हो इसके लिए भी हम लोगो को गया शहर के साथ साथ गया के ग्रामीण क्षेत्र में भी कम करने की आवश्यकता है।

इस मौके पर समाजसेवी प्रमोद भदानी, संगठन महामंत्री ओमप्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष हिमांशु कुमार, चंदन भदानी शशिकांत मिश्रा, देवोत्तम कुमार, , नवीन वर्मा, सुरज सिंह, नगर मंत्री शशि कुमार, रोहित भदानी, नवीन कुमार, मनीष सिंह मुन्ना सिंह, राम बारीक राजू रज्जक, अमित मोहन मिश्रा, अजय राजू आदि मौजूद थे।

## मोतिहारी जिला पार्षद की जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने की निंदा, सरकार से सुरक्षा मुहैया कराया जाए

**लोक तंत्र की आवाज़**

**गया।** मोतिहारी के जिला पर्षद सदस्य सुरेश यादव की हुई हत्या की निंदा गया में जिला पर्षद सदस्यों ने की। जिला पर्षद अध्यक्ष नैना कुमारी के आवास पर सुरेश यादव की मौत पर शोक सभा आयोजित हुई। मौके पर जिप उपाध्यक्ष शीतल प्रसाद यादव सहित कई सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रंद्धाजलि दी। वहीं जिला पर्षद अध्यक्ष नैना कुमारी ने कहा कि पूर्वी चंपारण के जिला पर्षद सुरेश यादव की हत्या से हम सभी काफी दुःखी है। सरकार की ओर से मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा मिलना चाहिए। इसके साथ ही साथ त्रिस्तरीय पंचायत जनप्रतिनिधियों के लिए सुरक्षा की व्यवस्था सरकार तो करें ही, इसके अलावा साथ-साथ आम लाइसेंस भी जारी करें। जिला पार्षदों कार्य जिला से लेकर पंचायतों तक होता है। जिला पर्षद उपाध्यक्ष शीतल प्रसाद यादव ने कहा कि जिस तरह सुरेश यादव की हत्या हुई उसे ये बिहार में दर्शाता है कि डबल इंजन के सरकार में सरकार अपराधियों के नकेल कसने में नाकाम है। जिला पर्षद पंचायत स्तर के बड़े जनप्रतिनिधियों में इसका स्थान होता है। ऐसे में इनका जान-माल की रक्षा की जवाब, सरकार की भी होती है। आगे कहा कि मोतिहारी के मृतक जिला पर्षद सदस्य सुरेश प्रसाद यादव के परिजनों को सरकार 50 लाख मुआवजा दे और उनके परिवार को सुरक्षा भी मुहैया कराया जाए। इस मोके पर पर जिला पार्षद श्वेता यादव, सुरेश यादव, अरविंद यादव, दिनेश कुमार गुप्ता सहित कई जिला पर्षद सदस्य मौजूद रहे।

## दुकानदारों की घटतौली से ग्राहकों को लग रहा चूना, प्रशासन मौन

**लोक तंत्र की आवाज़**



**वारिसलीगंज (नवादा)।** सुरसा के मुंह की तरह बढ़ रही महंगाई जहां नित्य नया कीर्तिमान बना रही है। वही छोटे बड़े व्यापारियों एवं रोजमर्रा के उपयोगी समानो के निर्माणकर्ता उद्यमी कम वजन देकर अधिक कीमत बढाकर की वसूली कर मुनाफा कमाने में जुटे हैं। सब कुछ जानते हुए भी ग्राहक को आर्थिक शोषण का शिकार होना पड़ रहा है। बाजार में घटतौली का नया ट्रेंड चल रहा है। जिसके तहत अगर मूल्य को स्थिर रखना है तो सामानों के पाकेट का वजन ही कम कर बाजार में भेजा जा रहा है। यह सब जान कर भी प्रशासन अनजान बनी है। आम ग्राहकों की माने तो पहले आलू, प्याज, जानवरो का चारा जैसे सरसो, राई, तीसी आदि की खल्ली, चोकर, घट्ठा आदि कुछ समय पहले तक मानक के अनुरूप 50 केजी के बैग में आता था। जिसका बाजार मूल्य एक समान होता था। अब इन सभी सामग्रियों की लोकल पैकिंग कर 50 केजी की जगह 43 से 45 केजी का बैग बनाकर पूर्व की कीमत से अधिक मूल्य वसूल कर व्यवसाई ग्राहकों को चुना लगा रहे हैं। मकनपुर ग्रामीण पशुपालक दीपक कुमार फंटूश, सुरेंद्र सिंह, रंजीत कुमार, मतलु यादव, लीला बीघा निवासी सकल यादव आदि ने बताया कि बरसों से जानवरों को खिलाने के लिए सरसो, तीसी, राई आदि की खल्ली, गेहूं का चोकर, मकई का घट्ठा, आलू, प्याज, आदि बाजार से खरीद कर ले जा रहे थे। कुछ वर्ष पहले तक 50 केजी का पॉकेट में उपलब्ध था जो अब पहले से अधिक कीमत लेने के बाद भी 43 से 45 किलोग्राम का दिया जा रहा है। गरीब और अमीर सभी के थाली में उपलब्ध आलू और प्याज सब्जियों का राजा है इन दोनों सामग्री बिहार में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में दूसरे प्रदेश से बिहार मंगवाई जाती है ।जानकर बताते हैं कि दूसरे प्रदेश से आने वाला आलू या प्याज का पैकेट 50 केजी का बनकर आता है। जिसे स्थानीय व्यवसायियों द्वारा अधिक कमाई के चक्कर में पाकेट का रिपैकिंग कर 43 से 45 केजी का बनाकर ग्राहकों को चूना लगाया जा रहा है। पैकेट बंद सामानों में वजन कम और कीमत अधिक- इस प्रकार बाजार में उपलब्ध दालमोट पहले 140 रुपया में एक किलो का पैकेट मिलता था। जो अब पूर्व के कीमत या उससे भी अधिक कीमत में 900 ग्राम का पैकेट बाजार में उपलब्ध है। यही स्थिति प्रखंड के मीट, मच्छली, सब्जी व अन्य खाद्य पदार्थों को दुकानदारों द्वारा कम तौल देना नियति बन गई है। प्रखंड के अधिकांश जन वितरण दुकानदार गरीब उपभोक्ताओं को पांच की जगह चार किलोग्राम अनाज ही दिया जा रहा है। इस प्रकार का आरोप कई उपभोक्ताओं की हर माह होती है।

## आद्रा नक्षत्र में किसान को किया गदगद, बारिश के बाद खेती-किसानी में आएगी तेज,गर्मी से मिली राहत

**लोक तंत्र की आवाज़**



**रजौली (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र में आद्रा नक्षत्र में शनिवार को शाम से हो रही झमा-झम हुई बारिश ने किसानों के चेहरे पर खुशी ला दी है ।साथ ही आमजन को गर्मी से भी राहत मिली है ।किसान खेती की तैयारी में पूरी तरह जुट गए हैं ।शनिवार की देर शाम से लेकर रविवार तक रुक-रुक कर बारिश हो रही है ।आद्रा नक्षत्र चढ़ने के बाद से ही बारिश होने से किसान खुश दिख रहे हैं ।बारिश होने से किसानों को राहत मिली है ।खेतों में पानी की आवश्यकता है ।रुक-रुक कर हो रही बारिश ने किसान की चिंता को दूर कर दिया है ।किसान पवन पंडित,शर्मा पंडित,सुरेश यादव,अशोक साव कहा कि खेती की तैयारी के लिए अभी तक हुई वर्षा संतोषजनक है ।हालांकि किसानों के बीच चर्चा है कि कहीं इस समय बारिश हो जाए और रोपनी के समय ना होगा तो परेशानी बढ़ सकती है।

**जल्द शुरू होगी धान की रोपनी :** धान की खेती को लेकर तैयार बिचड़े से धान रोपाई का कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा ।क्योंकि खेतों में डाला गया बिचड़े अब तैयार हो रहा है। अभी तक हुई बारिश खेती करने को लेकर पूरी ठीक है ।यदि इसी तरह बारिश होती रही तो इस वर्ष खेती अच्छी होगी ।उन्होंने कहा कि आद्रा में पानी बरसने के साथ ही यह शुभ संकेत मिलने लगता है की वर्षा अच्छा होगी ।आद्रा नक्षत्र कृषि खरीफ फसल के लिए अच्छा माना गया है ।आद्रा नक्षत्र में वर्षा होने से किस अच्छे फसल होने का अनुमान लगा लेते हैं।

**धान के बचड़े के लिए बारिश संजीवनी :** मूसलाधार बारिश से धान के बचड़े के लिए बारिश संजीवनी मानी जा रही है। कई दिनों से लोग चिलचिलाती धूप के कारण एवं उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे ।लोग धूप में निकलने से परहेज करने लगे थे ।दोपहर के बाद काले बादल छाए रहे और बहती हवा ने लोगों को शीतलता प्रदान की। किसान महेश आदर्शी ने बताया की बारिश होने से सब्जी मूंग और धान के नर्सरी को राहत मिली ।साथ ही डाले गए धान के बचड़े के लिए बारिश ने संजीवनी का काम किया है।

## देशी-विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**लोक तंत्र की आवाज़**



**रजौली (नवादा)।** उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा के निर्देश पर उत्पाद एसआई पिंटू कुमार द्वारा रविवार की अहले सुबह में रजौली थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग पंचायत के हाथोचक गांव से होंडा साइन बाइक पर लदे 85 लीटर महुआ शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है ।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि शराब बिक्री की सूचना लगातार मिल रही थी ।सूचना के आलोक में एक टीम का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया गया ।जिसमें मोहकामा गांव निवासी अर्जुन यादव के पुत्र नीतीश कुमार को महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है ।साथ ही एक बाइक को जब्त किया गया है ।वहीं बिहार-झारखंड सीमा पर स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई पिंटू कुमार द्वारा रविवार की अहले सुबह में वाहन जांच के दौरान 6 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार शराब तस्कर के पास से 750 एमएल का रॉयल स्टैग 6 बोतल शराब को बरामद किया गया है ।गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचाना नवादा जिला के शाहपुर थाना क्षेत्र निवासी जनार्दन प्रसाद के पुत्र सरवन कुमार को गिरफ्तार किया गया है ।उत्पाद अधीक्षक ने बताया की शनिवार की देर रात्रि से रविवार की अहले सुबह तक विभिन बसों से शराब के नशे में सफर कर रहे 10 लोगों को ब्रेथ एनेलाइजार मशीन से जांच कर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है ।जांच के दौरान उत्पाद एसआइ सनी कुमार और एएसआई पंचमलाल धीरज,बिशु हेंब्रम के साथ कई जवान मौजूद थे।

## रजौली में नहीं रुक रहा कोयले का अवैध व्यापार, कोयला में मिलावट करने में शामिल दर्जनों अवैध कोयला डिपो

**लोक तंत्र की आवाज़**



**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के हरदिया में एनएच-20 सड़क के किनारे कोयले के डस्ट का अवैध कारोबार एक बार फिर धड़ल्ले से पनपने लगा है ।रजौली पुलिस की नाक के नीचे काले हीरे की चोरी का कारोबार माफियाओं व पुलिस की सांठ-गांठ के बाद एक बार पुनः पैर पसारना शुरू कर दिया है ।काले हीरे कहे जाने वाले कोयला के नाम पर कोयला माफियाओं द्वारा कोयले के डस्ट का कारोबार किया जा रहा है ।झारखंड की ओर से आने वाले कोयला लदे ट्रकों को एनएच-20 पर सड़क के किनारे में बने इन माफियाओं के डंपिंग यार्ड में रोक कर ट्रक चालक की मिलीभगत से काले हीरे के नाम से कोयले को उतार लिया जाता है ।कोयला उतारने के बाद झारखंड के कोल फिल्ड क्षेत्र से आने वाले कोयले के फेंके हुए डस्ट को बराबर की मात्रा में इसमें मिलाकर व पानी डाल कर बगल के आगे पीछे स्थित धर्मकांटे पर उसका वजन कराकर उसे निर्धारित गंतव्यों की ओर भिजवा दे रहे हैं ।जिसकी भनक कोयला मंगाने वाले व्यवसाइयों को भी नहीं होती है ।उन्हें यह जानकारी नहीं होती कि लाया गया कोयला ऑरिजनल है या मिलावटी ।उन्हें तब पता चलता जब इंट भट्ठेदार उसे इंट पकाने के काम में लाने लगते हैं ।देर से जलने वाले कोयले के कारण ईंट अच्छा से नहीं पक पाती है ।जब तक उन्हें समझ में आता है, तब तक काफी देर हो चुका होता है ।ट्रक वाले पैसे लेकर जा चुके होते हैं।

**अवैध कोयला डिपो पर अधिकारी नहीं करते करवाईः** रजौली में अवैध कोयला डिपो पर अधिकारी कार्रवाई नहीं करते हैं ।दबंगता पूर्वक ट्रैकों से कोयल दिन के उजाले में ट्रक चालकों की साठ-गाठ से चोरी करने में लगे हुए हैंबावजूद प्रशासन अपनी आंखों के ऊपर पट्टी बांधकर गुप-चुप तरीके से सारा खेल देखने में मस्त है ।जबकि कोयला काटने वाले ट्रैकों से कम कीमत पर खरीदारी कोयले को दुगने व तिगने कितने दामों में ईट भट्ट संचालकों को बेच रहे हैं ।हालांकि यह मिलावटी कोयला होने के कारण ईट संचालको को भी काफी नुकसान पहुंचता है। जिससे आए दिन कोयला माफियाओ की चांदी कट रही है ।प्रशासन और खनन विभाग किस तरीके से अवैध कोयला माफियाओं पर कार्रवाई करती है या मुख्य दर्शन बनी रहती है या कहना मुश्किल है।

## प्रशिक्षण समापन उपरान्त प्रशिक्षुओं के बीच दिया गया आम का पौधा और प्रमाण पत्र

**लोक तंत्र की आवाज़**



**रौशन कुमार सोनू**

**कौआकोल(नवादा )।** प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन में कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के बैनर तले अनुसूचित जाति उप-योजना के तहत चल रहे जलवायु अनुकूल कृषि विषयक पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन रविवार को किया गया। समापन के बाद केवीके के प्रभारी वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह, कोर्स कॉर्डिनेटर रविकांत चौबे, वैज्ञानिक डॉ० अनुज्ञा भारती, डॉ० शशांक शेखर सिंह, रौशन कुमार, अंगद कुमार एवं सुमिताप रंजन के द्वारा सभी प्रशिक्षु प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं एक-एक आम का पौधा देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों को जलवायु के अनुकूल खेती करने के तौर-तरीकों के साथ इससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई। वैज्ञानिकों ने कहा कि यदि किसान जलवायु के अनुकूल खेती करें तो प्रकृति के द्वारा भी किसानों को कृषि में मदद किया जाता है। जलवायु के अनुकूल खेती करने से जहां एक तरफ किसानों को खेती में कम लागत आएगी वहीं दूसरी तरफ पैदावार भी बढ़ेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला के विभिन्न प्रखंडों के चालीस किसानों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### यूपी के 50 जिलों में भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट, आगरा-मथुरा के लिए विशेष चेतावनी




**विनय**
**मथुरा** । मानसून की दस्तक के साथ ही बादल जमकर बरस रहे हैं। यूपी के अधिकांश हिस्सों में मानसून की पहली बारिश काफी अच्छी हुई है। रविवार से बारिश और तेज होने का अनुमान मौसम विभाग ने व्यक्त किया है। आगरा और मथुरा में भारी बारिश के साथ वज्रपात के लिए अलर्ट जारी किया है। बारिश के कारण गर्मी से राहत मिली है। लखनऊ में सुबह से ही बादल छाए रहे और लगभग 10 बजे तक बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। यहां दिन का तापमान सात डिग्री गिरावट के साथ 33 .8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। रात में भी लोगों ने बड़ी राहत महसूस की। न्यूतम पारा 25 डिग्री रिकार्ड किया गया। राज्य के अधिकतर जिलों का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के नीच रहा।

### विजय चौधरी लेखपाल संघ के अध्यक्ष चुने गए



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
**नजीबाबाद उत्तर प्रदेश।** लेखपाल संघ की तहसील नजीबाबाद इकाई की कार्य करणी का चुनाव शांति पूर्ण सम्पन हुआ अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विजय चौधरी ने कुल 50 मत प्राप्त किया दूसरे प्रत्याशी लेसवंत कुमार को मात्र 20 वोट प्राप्त हुए अध्यक्ष पद पर श्री विजय कुमार 30 मतों से विजय रहे तहसील मंत्री पद पर श्री गौरव कुमार ने कुल 42 मत प्राप्त किया दूसरे प्रत्याशी श्री पवन दिवाकर को मत 28 वोट ही मिल पाए तहसील मंत्री पद पर श्री गौरव कुमार 14 मतों से विजय रहे वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर श्री आलोक कुमार कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर श्री रवि कुमार उच्च सचिव पद पर अभिषेक कुमार कोसा अध्यक्ष पद पर श्री अनुज कुमार व ऑडिट्टर पद पर श्री सागर कुमार इसी पैनल से निर्विरोध चुने गए।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में नहीं पहुंचे डॉक्टर

**घनश्याम तिवारी**
**बलिया।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघुड़ी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर चंदन बिसेन की मिली भगत से चल रहा है बघुड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर खेल। रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला सुनिश्चित था, जिसमें डॉक्टर चंदन बिसेन नदारत मिले और डॉक्टर अनिल सिंह जो होम्योपैथिक के डॉक्टर है वह एलोपैथ की दवा लिखते नजर आए। जहां पर उत्तर प्रदेश सरकार की मनसा को स्वास्थ्य विभाग बघुड़ी के द्वारा ठेंगा दिखाया जा रहा है वहीं पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विजयपति द्विवेदी व टडक्ठ बघुडी डॉ चंदन बिसेन से बात कर वार्डो में लटक रहे ताले तथा फार्मासिस्ट व कर्मचारी आदि के बारे में टेलीफोन पर वार्ता के दौरान पूछे जाने पर दोनो लोग इधर-उधर बात घूमते नजर आए। होम्योपैथिक की चिकित्सक द्वारा जब यह पूछा गया कि आखिर आप एलोपैथ की दवा क्यों लिख रहे हैं तो उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यहां यही होता है एलोपैथी के तैनात डाक्टर नहीं आते हैं होम्योपैथी की दवाई यहां रहती नहीं है इसलिए एलोपैथ की दवा मजबूरी में लिखा जाता है।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जनपद के विकास कार्यों से जुड़ी कार्यदायी संस्थाओं की समीक्षा बैठक

**विकास कार्यों से संबंधित निर्माण कार्य में गुणवत्ता और मानक का रखें पूरा ध्यान : डीएम**

लोकतंत्र की आवाज़

**घनश्याम तिवारी**
**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में रविवार को विकास भवन सभागार में जनपद के विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं के विकास कार्यों से जुड़ी कार्यदायी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधक/ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड (विकास कार्यों से संबंधित), मुख्यमंत्री की घोषणा से अच्छादित, 50 लाख से कम और अधिक लागत वाली, क्रिटिकल गैप और त्वरित आर्थिक विकास योजना से संबंधित निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा किया गया। जिले में लोक निर्माण विभाग (निर्माण और प्रांतीय खंड),सीएन्डडीएस उत्तर प्रदेश जल निगम आजमगढ़, यूपीपीसीएल, यूपीआरएनएसएस, बलिया (पूर्व नाम पैकफेड), राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, निर्माण खंड- वाराणसी- 03 आजमगढ़, उत्तर प्रदेश सेतु निगम लिमिटेड, बलिया, उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड (पूर्व नाम लैकफेड), उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड, वाराणसी और उत्तर प्रदेश जल निगम, बलिया सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं द्वारा विकास कार्यों से संबंधित निर्माण



कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधकों के द्वारा अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूरा हो चुके भवनों का हस्तांतरण संबंधित विभाग के अधिकारियों को 7 दिन के अंदर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऐसे निर्माण कार्य जहां बजट नहीं है हमारे हस्ताक्षर से उसे विभाग के प्रमुख सचिव को चिट्ठी भेजवाएं। जहां पर एनओसी या जमीन का प्रकरण लंबित हैं, उसका शीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें। पैसा होने के बावजूद भी जहां निर्माण कार्य बंद है उसे तत्काल शुरू कराएं। कोई भी प्रोजेक्ट बिना कारण बंद नहीं होना चाहिए। उन्होंने सभी परियोजना प्रबंधकों/अधिकारियों से निर्माण कार्यों की मंथली फोटो पीपीटी के माध्यम से समीक्षा के दौरान प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी कार्यदाई संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्माणाधीन परियोजनाओं का मौके पर जाकर निरीक्षण करने का निर्देश दिया। कहा कि कार्यदाई संस्थाएं निर्माणाधीन विकास कार्यों में गुणवत्तापूर्ण और शासन द्वारा निर्धारित मानक का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा से अच्छादित परियोजनाओं को प्राथमिकता से लेते हुए निर्माण कार्य कराना सुनिश्चित करें,इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से होती है।इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज,परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी,बीएसए मनीष सिंह सहित सभी कार्यदायी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधक/अधिकारी मौजूद थे।

## आर्थिक तंगी से परेशान होकर युवक बना लुटेरा दिया लूट को अंजाम



लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
**मेरठ।** आर्थिक तंगी से परेशान होकर तीन अभियुक्तों ने रेलवे थाना क्षेत्र स्थित न्यू प्रेमपुरी में दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला से लूट की घटना को अंजाम दिया था। यह खुलासा पुलिस ने घटना के चंद घंटों के भीतर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के बाद किया है। रेलवे थाना क्षेत्र स्थित न्यू प्रेमपुरी में दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला को गन पॉइंट पर बंधक बनाकर लूटपाट करने की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि पकड़े गए दोनों बदमाशों के नाम आमिर उर्फ पकौड़ी व मोनू हैं। आमिर उर्फ पकौड़ी रेलवे रोड का रहने वाला है जो कि फिलहाल हापुड़ रोड पर रहता है। दूसरा आरोपी मोनू खरखोदा में रहता है। एसपी सिटी ने बताया कि दोनों के पास से लूट का सामान दो मोबाइल फोन, दो सोने की अंगूठियां व लौंग और करीब 28 हजार नगद रुपए भी बरामद हुए हैं। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वह आर्थिक तंगी से परेशान थे, जिसके चलते उन्होंने लूट की वारदात को अंजाम दिया। बताया गया है कि आरोपी आमिर उर्फ पकौड़ी पहले भी चोरी की वारदात में जेल जा चुका है।

## एक जत्था बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**
**नुरपुर।** बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति के बैनर तले एक जत्था बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया गया कई सालों से हर साल की तरह इस साल भी सैकड़ों श्रद्धालु तीर्थ यात्रा पर गये हैं नगर पालिका चेयरमैन डा एमपी सिंह ने कहा है कि धार्मिक यात्रा पर जाकर दिल को सुकून मिलता है इसलिए हर किसी को अमरनाथ यात्रा पर जाना जरूरी है ताकि अमरनाथ यात्रा पर जाकर बर्फानी गुफा के दर्शन हो सके इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष निशांत कणवाल नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर एमपी सिंह डा गगनदीप सिंह जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष पुष्पेंद्र शेखावत अशोक राजपूत कमलेश प्रजापति बॉबी चौधरी राजीव जोशी प्रेमपाल सिंह रवि कुमार शुभम त्यागी जितेंद्र कुमार नवीन कुमार मंजू देवी सर्वेश त्यागी रितेश चौहान वीर प्रकाश सिंह मुकुल गुप्ता सरदार रविंदर सिंह आदि अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए।

## बिजनौर संचारी रोगो एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु बैठक का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट बुखार अहमद**
**किरतपुर ।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा संचारी रोगो एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कार्यवाही के क्रम में नगर पालिका प्रांगण मे नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान व अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गयी। जिसके अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से बीएमसी शमा परवीन व बीपीएम किरन आनन्द द्वारा विशेष संचारी रोग से संबंधित चल रही बीमारियों के बारे मे जानकारी दी गयी तथा इससे रोकथाम व बचने के उपाय बताए गए। मीटिंग में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा विचार साझा किए गए। अध्यक्ष अब्दुल - मन्नान ने साफ सफाई को लेकर सफाई लिपिक व जमादारों को विशेष दिशा-निर्देश दिये। उक्त मीटिंग में वार्ड सभासद कामिल, कन्हैया राणा, अंकुश जैन, मयंक कुमार अग्रवाल, रमन, शहबाज़, अशोक कुमार, इरफान, आबिद, नफीस अहमद मौजिजयार खां आदि व पालिका प्रधान लिपिक हसन मुस्तफा, सुरेंदर सिंह, बाबूराम, ज्ञानेश्वरानन्द, सुंदर जमादार आदि- पालिका कर्मचारी सहित पालिका सफाई स्टॉफ मौजूद रहा।

# बलिया : मिठाई खिलाकर खुशी का इज़हार जताया

लोकतंत्र की आवाज़

**घनश्याम तिवारी**
**बलिया ।** विशिष्ट बी.टी.सी.शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन बलिया के पदाधिकारियों सहित 2004 बैच के शिक्षकों ने सेंट्रल मेमोरेंडम 03.03.2023 के अनुरूप शासन द्वारा आदेश जारी होने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इज़हार किया। साथ ही मुख्यमंत्री जी को धन्यबाद ज्ञापित करते हुए समग्र पुरानी पेंशन बहाली की मांग किया। जिलाध्यक्ष डॉ घनश्याम चौबे ने पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित होने वाले शिक्षकों/कर्मचारियों को बधाई देते हुए बताया कि यह एसोसिएशन के संघर्षो का परिणाम है कि केंद्र के समान मेमोरेण्डम जारी होने से पूरे प्रदेश में लगभग 70 हजार और जनपद में लगभग 1000 से अधिक शिक्षक कर्मचारी



पुरानी पेंशन योजना से लाभान्वित होंगे। कहा कि बिशिष्ट बी.टी.सी. शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उ. प्र. द्वारा केन्द्र के समान प्रदेश में पेंशन मेमोरेंडम जारी करने हेतु वर्षो से जारी लड़ाई के क्रम में 14 जून को प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी की मुख्यमंत्री जी से हुई व्यक्तिगत मुलाकात एवं 21 जून को चलाए गए ट्वीटर अभियान का सीधा असर हुआ। केन्द्र के समान पेंशन मेमोरेंडम लागू करने की लड़ाई की शुरुआत करने वाला विशिष्ट बी.टी.सी.शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशनसंगठन कोर्ट से लेकर सड़क तक इस लड़ाई को लड़ा और अन्ततः इस संघर्ष में हमे सफलता भी मिली। संघर्ष से मिली इस सफलता से हमारे अन्दर नव ऊर्जा का संचार हुआ है। इस ऊर्जा का प्रयोग एक-एक शिक्षक/कर्मचारी के लिए पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष में काम आएगा। संरक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि बिशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उ प्र द्वारा बिशिष्ट बीटीसी 2004 बैच के लगभग 40000 शिक्षकों के लिए प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी के नेतृत्व में पुरानी पेंशन की लड़ाई को लेकर 2008 से कोर्ट से सड़क तक की लड़ाइयां लडी गई। सांसद/विधायकों द्वारा समर्थन पत्र, निदेशालय पर धरना, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, कार्मिक सचिव आदि के साथ बैठक कर प्रयास जारी 14 जून को एक बार पुनः मुख्यमंत्री जी से व्यक्तिगत मुलाकात कर मेमोरेंडम को लागू करने का संगठन ने आग्रह किया। मुद्दे की गंभीरता को समझते हुए मुख्यमंत्री जी द्वारा तत्काल प्रमुख सचिव से आख्या मांगी गई। विभाग ने इसे नीतिगत फैसला बताते हुए मुख्यमंत्री जी के पाले में ही गेंद फेंक दी। इसी मुद्दे को लेकर 21 जून को ट्वीटर पर ट्वीट अभियान चलाया गया, जिसका सीधा असर आज दिखाई पड़ा।

## नवीन दांडिक विधियों पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में दी गई विस्तृत जानकारी**

लोकतंत्र की आवाज़

**घनश्याम तिवारी**
**बलिया।** जनपद की न्यायपालिका, कार्यपालिका, पुलिस प्रशासन एवं अधिवक्तागण सिविल व क्रिमिनल और रेवेन्यू बार एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित नवीन दांडिक विधियों (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता,2023 भारतीय न्याय संहिता, 2023,भारतीय साक्ष्य अधिनियम,2023) पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला जिला जज अशोक कुमार सप्तम की अध्यक्षता में गंगा बहुउद्देशीय सभागार में संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी, सभी थानाध्यक्ष, अधिवक्तागण व कानून से संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों ने ने प्रतिभाग किया। सभागार में सभी को नवीन दांडिक विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में सहायक अभियोजन अधिकारी, मऊ स्वदेश कुमार शर्मा ने तीन नई आपराधिक विधियों पर विशेषज्ञ के रूप में विस्तृत व्याख्यान




दिया।उन्होंने भारतीय न्याय संहिता (इठर), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (इठरर) तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम (इरअ) की नवीन दाण्डिक विधियों के महत्वपूर्ण बिंदुओं से सबको अवगत कराया। उन्होंने इन नवीन विधियों की विभिन्न धाराओं के बारे में बताते हुए किन धाराओं में कैसे कार्यवाही होगी, इसकी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी महेश चंद्र वर्मा, अपर जिला जज अरविंद उपाध्याय, पुनीत गुप्ता, ज्ञान प्रकाश तिवारी, रवि करण, नीलम ढाका, हरीश कुमार, रामकृपाल व अन्य पीठासीन अधिकारियों के अलावा क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रणजीत सिंह एवं महासचिव रामविचार यादव,सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, सिविल जज सीनियर डिवीजन-एफटीसी, विराटमणि त्रिपाठी, एसीजेएम गार्गी शर्मा,सभी न्यायिक अधिकारी-कर्मचारी आदि मौजूद थे। प्रशासनिक अधिकारियों में पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा,अपर पुलिस अधीक्षक डीपी तिवारी,सभी एसडीएम व सीओ,सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन अपर जिला जज प्रथमकांत ने किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शाम्भवी यादव इस कार्यक्रम की संयोजक थी।

## बिजनौर नजीबाबाद एचएमएच अस्पताल में मरीज की मौत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीयों की रिश्वतखोरी के चलते अस्पताल पर नहीं होती कोई कार्रवाई

**इससे पूर्व भी लापरवाही एवं अवैध अल्ट्रासाउंड मशीन चलाते पकड़े जाने पर भी नहीं की कोई कार्रवाई**

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह
नजीबाबाद हरिद्वार मार्ग पर स्थित एच एम एच अस्पताल में एक दिन पूर्व नगीना निवासी मरीज की मौत हो गई। खबर सुनते ही परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सुचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार नजीबाबाद हरिद्वार मार्ग पर स्थित एच एम एच अस्पताल में नन्द राम निवासी नगीना की ईलाज के दौरान मौत हो गई। मरीज की मौत की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने अस्पताल के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि मरीज गदूद का इलाज कराने अस्पताल आए थे जहां पर डाक्टरों ने आपरेशन के लिए कहा, मरीज बृहस्पतिवार दोपहर को सही सलामत इलाज के लिए घर से निकले, अस्पताल






पहुंचने पर मरीज को भर्ती किया गया और लगभग शाम चार बजे आपरेशन किया गया। आपरेशन के बाद अस्पताल के स्टाफ ने मरीज से मिलने नहीं दिया गया। परिजनों ने बताया कि डाक्टरों से पूछने पर की मरीज से मिल सकते हैं तो जवाब में तबीयत ठीक है सुबह मिल सकते हैं, सुबह फिर जानकारी की गई तो फिर मरीज की तबीयत सही होने की बात कही गई। अचानक परिजन आईसीयू में पहुंच गए तो वहां देखकर परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने आरोप लगाया कि मरीज की मौत की सूचना उन्हें नहीं दी गई। इससे नाराज परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। वहीं दूसरी ओर मरीज की मौत की खबर मिलते ही मिडिया कर्मी भी अस्पताल पहुंचकर जानकारी प्राप्त करनी चाही तो अस्पताल का स्टाफ बचते नजर आए। सूत्रों के मुताबिक परिजनों पर फैसला करने का दवाब बनाया जा रहा है।

# यूपी में 18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल, जानिए कब से लागू हो रहा यह नियम

लोक तंत्र की आवाज

**रत्ना**
**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए एक बड़ी खबर आई है। यहां पेट्रोल पंप पर नाबालिग को डीजल या पेट्रोल नहीं देने के निर्देश हैं। माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया है कि वह सरकारी और निजी विद्यालयों में प्रवेश के समय अभिभावकों से शपथ पत्र भरवाएं कि वह अपने नाबालिग बच्चे को ट्रैफिक नियमों के विपरीत वाहन चलाने की अनुमति नहीं देंगे। पेट्रोल पंप से ही इसकी निगरानी रहेगी और नोटिस भी चस्पा होगा। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डा. शुचिता चतुर्वेदी ने माध्यमिक और बेसिक शिक्षा निदेशक, पुलिस महानिदेशक, खाद्य रसद विभाग के आयुक्त, परिवहन आयुक्त व अपर पुलिस महानिरीक्षक को दिशा निर्देश जारी किया है। पेट्रोल पंप से ही इसकी निगरानी रहेगी और नोटिस भी चस्पा होगा। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डा. शुचिता चतुर्वेदी ने माध्यमिक और बेसिक शिक्षा निदेशक, पुलिस महानिदेशक, खाद्य रसद विभाग के आयुक्त, परिवहन आयुक्त व अपर पुलिस महानिरीक्षक को दिशा निर्देश जारी किया है।
पेट्रोल पंप से ही इसकी निगरानी रहेगी और नोटिस भी चस्पा होगा। राज्य बाल



अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डा. शुचिता चतुर्वेदी ने माध्यमिक और बेसिक शिक्षा निदेशक, पुलिस महानिदेशक, खाद्य रसद विभाग के आयुक्त, परिवहन आयुक्त व अपर पुलिस महानिरीक्षक को दिशा निर्देश जारी किया है। पेट्रोल पंप से ही इसकी निगरानी रहेगी और नोटिस भी चस्पा होगा। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डा. शुचिता चतुर्वेदी ने माध्यमिक और बेसिक शिक्षा निदेशक, पुलिस महानिदेशक, खाद्य रसद विभाग के आयुक्त, परिवहन आयुक्त व अपर पुलिस महानिरीक्षक को दिशा निर्देश जारी किया है। पेट्रोल पंप से ही इसकी निगरानी रहेगी और नोटिस भी चस्पा होगा। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डा. शुचिता चतुर्वेदी ने माध्यमिक और बेसिक शिक्षा निदेशक, पुलिस महानिदेशक, खाद्य रसद विभाग के आयुक्त, परिवहन आयुक्त व अपर पुलिस महानिरीक्षक को दिशा निर्देश जारी किया है। पेट्रोल पंप से ही इसकी निगरानी रहेगी और नोटिस भी चस्पा होगा। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डा. शुचिता चतुर्वेदी ने माध्यमिक और बेसिक शिक्षा निदेशक, पुलिस महानिदेशक, खाद्य रसद विभाग के आयुक्त, परिवहन आयुक्त व अपर पुलिस महानिरीक्षक को दिशा निर्देश जारी किया है।

## अनुप्रिया पटेल को मिल गया जवाब ! ऐसा न कभी हुआङ्ग न ही कोई नियम है , आईएस अधिकारी ने बताए फैक्ट

लोक तंत्र की आवाज

**रत्ना**
**लखनऊ।** अनुप्रिया पटेल ने जिस मुद्दे को उठाकर योगी सरकार से सवाल किया था उसको लेकर अब आधिकारिक जवाब भी प्रदेश सरकार ने दे दिया है। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने अनुप्रिया के पत्र का जवाब देते हुए कहा है कि जैसा दावा किया जा रहा है वैसा न तो पहले कभी हुआ है और न ही कोई नियम है। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी की ओर से अनुप्रिया को भेजे गए पत्र में स्पष्ट तौर पर बताया गया है कि आरक्षित वर्ग के पदों को किसी भी सूरत में दूसरे वर्गों से नहीं भरा जा सकता है। पत्र में उत्तर प्रदेश लोकसभा आयोग, उत्तर प्रदेश



अधीनस्थ सेवा चयन आयोग व उच्च शिक्षा विभाग के नियमों का हवाला दिया गया है।नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी की ओर से अनुप्रिया को भेजे गए पत्र में स्पष्ट तौर पर बताया गया है कि आरक्षित वर्ग के पदों को किसी भी सूरत में दूसरे वर्गों से नहीं भरा जा सकता है। पत्र में उत्तर प्रदेश लोकसभा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग व उच्च शिक्षा विभाग के नियमों का हवाला दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई



केदार नाथ पाण्डेय

**पीरपैंती।** प्रखंड के जदयू कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी की समीक्षा की गई ।सभी कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को अलग–अलग जिम्मेदारी दिया गया। बूथ स्तर पर वोटरों की समस्या को समाधान का निर्देश भी दिया गया। मौके पर सभी एक स्वर में राज्यसभा सांसद संजय झा को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर आभार व्यक्त किया ।उन्होंने बधाई दी ।मौके पर रविशंकर सिन्हा,संदीप आर्य ,गोपाल सिन्हा ,संजय संजय सिन्हा,बालेश्वर रजक, पंकज गुप्ता इत्यादि उपस्थित थे।

### रानी शर्मा ने कहा मानव कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता, मौके पर प्रमाण पत्र का किया वितरण



मोहम्मद सबरार आलम

**बिहपुर।** रविवार को भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड के मड़वा पश्चिम पंचायत के 12 नंबर वार्ड में ह्यूमन सेवियर की जिला इकाई की बैठक की गई ।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रीता देवी ने किया ।मौके पर मुख्य अतिथि सह प्रदेश अध्यक्ष रीना शर्मा मौजूद थी ।रीना शर्मा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि ह्यूमन सेवियर बोर्ड का मुख्य उद्देश्य मानव कल्याण एवं देश का उन्नति कराना हैं । उन्होंने इस अवसर पर कहा कि ' पेमेंट नहीं तो पेसेंट नहीं ' का नारा बुलंद करते हुए कहा कि आए दिन देखा जा रहा हैं कि क्लीनिक में इलाज के दरमियां रोगियों का निधन हो जाता हैं ।तब भी वहां के कर्मी परिजन से पैसा वसूलते हैं ।रीना शर्मा ने साफ – साफ कहा कि मान्यता के आधार पर मौत की स्थिति में कोई भी क्लीनिक को रुपया नहीं दिया जाएगा ।इसके लिए सभी गांवों में जागरूकता अभियान चलाए जाने की बात कही ।वहीं बैठक में मौजूद सदस्य को पहचान पत्र एवं प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया ।मौके पर जिला सचिव पारस कुमार,उपसचिव रोहित कुमार, कोषाध्यक्ष नेपाली ठाकुर सहित दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

### छत की सीढ़ी से गिरकर टेलर मास्टर हुए जख्मी, भागलपुर मायागंज अस्पताल रेफर



मोहम्मद सबरार आलम

**बिहपुर।** रविवार को भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड के मिल्की गांव में एक नंबर वार्ड में 65 वर्षीय वृद्ध टेलर मास्टर मोहम्मद खलील अंसारी पिता मोहम्मद मकबूल अंसारी घर की छत से नीचे उतरने के दरमियान में सीढ़ियों से नीचे गिर कर जख्मी हो गये ।आननफानन में परिजनों ने उसे बिहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भागलपुर रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक जख्मी टेलर मास्टर के बाएं पैर की हड्डि टूटकर बाहर निकल है ।घरवालो ने बताया कि 20 फिट ऊंची सीढ़ी से नीचे उतरने के दौरान अनियंत्रित होकर जमीन पर गिर गए।

# सीएम एवं पूर्व सीएम हूल दिवस के अवसर पर अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू की पवित्र भूमि भोगनाडीह में आयोजित समारोह में हुए शामिल

लोकतंत्र की आवाज

## वीर शहीदों को किया गया नमन और दी गयी श्रद्धांजलि





मामलोत सेख

**बरहड़वा।** मुख्यमंत्री ने कहा - अपने वीर शहीदों के इतिहास, संघर्ष और बलिदान से प्रेरणा लेकर समाज और राज्य को मजबूत बनाने का लें संकल्प मुख्यमंत्री बोले- पूर्वजों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम है कि आदिवासी -मूलवासी सुरक्षित हैं मुख्यमंत्री ने कहा- हमारे पूर्वजों ने अपनी भाषा, संस्कृति, परंपरा, सभ्यता और जल, जंगल- जमीन की खातिर दे दी शहादत मुख्यमंत्री ने कहा- राज्य सरकार की योजनाएं घर-घर तक पहुंच रही है हमारे पूर्वजों ने अन्याय शोषण और गुलामी को कभी नहीं स्वीकारा अपने पूर्वजों और अमर वीर -शहीदों के सपनों का बना रहे झारखंड आदिवासियों-मूलवासियों, गरीबों, मजदूरों, दलितों, पिछड़ो और अल्पसंख्यकों को कर रहे सशक्त श्री चम्पाई सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड हूल जोहार। 1855 में आज ही के दिन भोगनाडीह से अमर वीर शहीद सिदो कान्हू के नेतृत्व में आदिवासियों ने अन्याय, शोषण और ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंका था। आज पूरा देश अपने इन महानायकों को नमन कर रहा है। यह प्रेरणा दिवस है। हम सभी अपने अमर शहीद सिदो कान्हू, चांद-भैरव और फूलो -झानो के इतिहास, संघर्ष और बलिदान से प्रेरणा लेकर अपने समाज और राज्य को मजबूत बनाने का संकल्प लें। उनके आदर्शों के अनुरूप झारखंड को संवारना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन आज हूल दिवस के अवसर पर अमर वीर शहीद सिदो- कान्हू की पावन धरती पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

**पूर्वजों के संघर्ष और शहादत का ही परिणाम है कि आदिवासी-मूलवासी सुरक्षित हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड वीरों और शहीदों की धरती है। इस प्रदेश के कोने-कोने से अनेकों महानायक निकले हैं, जिन्होंने अन्याय -शोषण तथा गुलामी को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने अपनी भाषा, संस्कृति, परंपरा, सभ्यता और जल, जंगल, जमीन बचाए रखने के लिए लम्बा संघर्ष किया। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उलगुलान कर अंग्रेजों की जड़े हिला दी। अपने संकल्प पर अडिग रहते हुए शहीद हो गए। इन पूर्वजों के बलिदान का परिणाम है कि आज आदिवासी-मूलवासी सुरक्षित हैं।

**बदल रहा है झारखंड, प्रगति के राह पर बढ़ रहा आगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में झारखंड में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है । हमारी सरकार की नीतियों कार्यक्रमों और योजनाओं से राज्य विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारी योजनाएं घर-घर तक पहुंच रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा अभियान के दौरान लाखों आवेदन हमें मिले इन आवेदनों के माध्यम से हमें जनता की विभिन्न समस्याओं की पूरी गहराई से जानकारी मिली। लोगों की समस्याओं के आधार पर ही हम योजनाओं को बना रहे हैं, ताकि इसका लाभ हर किसी को मिल सके।

**आर्थिक- सामाजिक और शैक्षणिक दृष्टिकोण से राज्य को कर रहे मजबूत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड तभी आगे बढ़ेगा, जब यहां की आर्थिक सामाजिक और शैक्षणिक व्यवस्था मजबूत होगी। इसी सोच के साथ हमारी सरकार कार्य कर रही है। आदिवासियों मूलवासियों, गरीबों, मजदूरों, दलितों, पिछड़ो और अल्पसंख्यकों को सशक्त बना रहें हैं। अपनी इन व्यवस्थाओं को मजबूत कर ही हम राज्य को नई दिशा और दशा दे सकते हैं।

**यहां के खनिज संसाधनों पर आदिवासियों मूलवासियों का पहला अधिकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खनिज और प्राकृतिक संसाधनों की भरपूरता है। इस लिहाज से झारखंड काफी धनी है, लेकिन यहां के लोग आज भी गरीब हैं। यहां के खनिज संसाधनों से दूसरे राज्य आगे बढ़ रहे हैं लेकिन झारखंड पिछड़ा राज्य में ही गिना जाता है। अब इसमें बदलाव देखने को मिल रहा है। हमारी सरकार ने संकल्प लिया है कि झारखंड को विकसित राज्य बनाना है।

**हर क्षेत्र के लिए राज्य सरकार की है योजनाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सरकार की अनेकों योजनाएं हैं जिसका लाभ यहां के लोगों को मिल रहा है । चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो या स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, सिंचाई, पशुपालन, उद्योग,खेल या और कोई सेक्टर हर किसी के लिए योजनाएं हैं आप इन योजनाओं से जुड़े और अपने को सशक्त बनाने के साथ राज्य के विकास में भागीदार बनें।

**अपनी अस्मिता और पहचान को खोने नहीं देंगे :** इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने राज्यवासियों को हूल दिवस की बधाई दी । कहा-हम वर्षों से हूल दिवस मनाते चले आ रहे हैं । आज इस अवसर पर संकल्प लेकर राज्य के विकास में जो भी चुनौतियां सामने आएगी उसका मुकाबला पूरी ताकत के साथ किया जाएगा। हमें अपने हक और अधिकार को हर हाल में लेना है और इसके खिलाफ साजिश रचनेवालों को जवाब देना है। हमें जल- जंगल और जमीन को हर हाल में बचाना है, क्योंकि इसी की खातिर हमारे पूर्वजों ने बलिदान दी थी। हम अपनी अस्मिता और पहचान को किसी कीमत पर मिटने नहीं देंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार वर्षों में हमने झारखंड में बदलाव लाने का काम किया है। अब सरकार हेडक्वार्टर से नहीं बल्कि गांव से चलती है। हमारी योजनाएं धरातल पर उतरती है जिसका लाभ समाज का अंतिम पंक्ति का व्यक्ति भी उठा रहा है। युवाओं को रोजगार देने के क्षेत्र में भी सरकार कई कदम उठाए हैं। झारखंड की संपदा में पहला हक झारखंड वासियों का है। इसी सोच के साथ राज्य सरकार आगे बढ़ रही है।

**396 योजनाओं की मिली सौगातः** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 29026.745 लाख रुपए की कुल 396 योजनाओं का उद्घाटन - शिलान्यास किया इसमें 11284.854 लाख रुपए की 165 योजनाओं का उद्घाटन और 17741.731 लाख रुपए की 231 योजनाओं की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने कुल 37212 लाभुकों के बीच 9289.745 लाख रुपए की परिसंपत्तियां बांटी। इस अवसर पर मंत्री श्री बसंत सोरेन, सांसद श्री विजय कुमार हांसदा, विधायक श्री स्टीफन मरांडी, विधायक श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह , विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, पूर्व मंत्री श्री हेमलाल मुर्मू, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती मोनिका किस्कू, आयुक्त संथाल परगना प्रमंडल श्री लालचंद डाडेल, पुलिस उप महानिरिक्षक श्री संजीव कुमार और साहिबगंज जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर होगी सख्त कार्रवाईः एसडीओ शंभू नाथ

लोक तंत्र की आवाज

**त्रिवेणीगंज सुपौल।** अनुमंडल कार्यालय सभागार में अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी शंभू नाथ ने की, बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में आए सदस्यों ने बाड़ी-बाड़ी से अपना सुझाव दिए, बैठक में आये सदस्यों ने अनुमंडल पदाधिकारी शंभू नाथ की कार्य के प्रति सराहनीय की, बैठक में उपस्थित अनुश्रवण समिति के सदस्यों ने कई अहम मुद्दों पर चर्चा की एवं सुधार लाने का आग्रह एसडीओ से किया, इस दौरान एसडीओ शंभू नाथ ने कहा वर्तमान वितरण प्रणाली केरोसीन और खाद्यान्न वितरण ससमय हो रहा है। जिसके चलते जनवितरण से संबंधी शिकायतें बहुत कम हो गई हैं। एसडीओ ने गैस सिलेंडर विक्रेताओं से जरुरतमंदों को ससमय पर होम डिलीवरी लाभुकों नया कनेक्शन देने एवं किसी प्रकार की कालाबाजारी में पकड़े जाने पर कार्रवाई करने की सख्त हिदायत दी, वही खाद्यान्न गोदाम प्रबंधक को रोस्टर के हिसाब से डीलरों को निर्धारित समय सीमा के अंदर डोर रोस्टर डिलीवरी किए जाने का निर्देश दिया वही एसडीओ शंभू नाथ ने बिजली विभाग के कर्मचारियों को कड़ी निर्देश दिया कि बिजली उपभोक्ताओं को किसी तरह का परेशानी ना हो इस पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, एसडीओ ने चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएंगी, मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद कमल खान,शालिग्राम, एमओ शुभम कुमार, एमओ संतोष कुमार, भुपेश कुमार, जयकृष यादव जय नारायण यादव , मोहम्मद शमशेर आलम, सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## बिहपुर : इत्तिहादुल मुस्लिमीन इकाई वायसी कटघर मोहर्रम कमेटी ने सभी खलीफाओं के साथ की बैठक

लोकतंत्र की आवाज



मोहम्मद सबरार आलम

**बिहपुर।** रविवार को इत्तिहादुल मुस्लिमीन इकाई वायसी कटघर मोहर्रम कमेटी के द्वारा एक बैठक आयोजित बिहपुर खानकाह में सरपरस्त अली कौनौन खान फरीदी के अगवानी में की गई। बैठक के संचालन वायसी मोहर्रम कमेटी के सदर मोहम्मद इरफान आलम ने किया। सदर मोहम्मद इरफान आलम ने बताया कि इस बार वायसी मोहर्रम कमेटी में कुछ बदलाव किए गए हैं। सचिव मोहम्मद जहांगीर शेख टोला झंडापुर, नायव सचिव पूर्व सरपंच मोहम्मद मिराज आलम शेख टोला झंडापुर, खजांची मोहम्मद जावेद एवं मोहम्मद अफरोज को बनाया गया है। सभी खलीफाओं की मौजूदगी में यह बैठक आयोजित की गई। कमेटी के द्वारा कुछ निर्देश भी दिए गए। सभी खलीफाओं को कहा गया कि मोहर्रम इस बार शांतिपुर में बनाएं जो कि हर साल हम लोग मानते आए हैं। अपने-अपने जगह पर शांतिपूर्वक गोल एवं अखाड़ा निकले किसी प्रकार का कोई विवाद ना हो निर्धारित समय पर पहलाम के लिए बिहपुर मंजिलगा पहुंचेंगे। इस बैठक में थाना के पास बिहपुर इमामबाड़ा एवं मंजिलगा मैदान की जमीन को लेकर कुछ लोग द्वारा अतिक्रमण किए गए । जिसको लेकर बिहपुर मोहर्रम इनतेजामिया कमेटी द्वारा कई बार प्रशासनिक पदाधिकारी को आवेदन दे चुके हैं। जिस पर अभी तक कोई कारवाई नहीं हुई है। सदर मोहम्मद इरफान आलम व नायव सचिव जावेद खान ने बताया कि अगले साल मोहर्रम के वक्त सरकारी अमीन के द्वारा बिहपुर इमामबाड़ा की मापि कराई गई थी। और अतिक्रमण के जगह को चिन्हित भी किया गया था ।लेकिन उसके बाद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ।कुछ लोग का कहना था कि अगर इस बार अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो हम लोग पहलाम नहीं करेंगे। मौके पर बिहपुर प्रखंड के उप प्रमुख मोहम्मद एनामुल,नायव सचिव जावेद खान, बिहपुर मोहर्रम इनतेजामिया कमेटी के सचिव मोहम्मद इबरार आलम,वार्ड सदस्य जैनुल अंसारी, मोहम्मद इस्तेखार, मोहम्मद मेहरबान, मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद कासिम, शेख हस्बुल,व सभी खलीफाए उपस्थित थे।

## रात्रिकालिन सत्संग के साथ बहुक्षेत्रीय संतमत सत्संग संपन्न, हाजीसुजान में आयोजित हुआ बहुक्षेत्रीय संतमत सत्संग

लोकतंत्र की आवाज



- सभी संतो के मत को ही संतमत कहते है- स्वामी श्रीनिवास बाबा
- मनुष्य का शरीर ही है मोक्ष का द्वार - स्वामी श्रीनिवास बाबा

**मुंगेर।** बीती शनिवार की रात हाजिसूजान में एकदिवसीय बहुक्षेत्रीय संतमत सत्संग सम्पन्न हुआ` जिसमें सत्संग, प्रवचन, भजन, संतवाणी पाठ, रामायण पाठ एवं सामुहिक भंडारे का कार्यक्रम हुआ। मौके पर मुंगेर, जमालपुर, बरियारपुर, नौवागडी, सुलतानगंज, खड़गपुर, बेगूसराय, खगड़िया आसपास के क्षेत्रों से संतमत के सैकड़ो अनुयायीयों ने भाग लिया। प्रवचन के कार्यक्रम में प्रमुख प्रवचनकर्ता संतमत के वरिष्ठ महात्मा स्वामी श्रीनिवास बाबा ने अपने आध्यात्मिक प्रवचन में कहे में कि सभी संतों के विचार व मत को ही संतमत कहते हैं। पापी से पापी व्यक्ति भी सत्संग में आने से सुधर जाता है। संतमत सतसंग का प्रचार प्रसार विदेशो में भी है । परमात्मा तो सर्वव्यापक होते हुए भी निराकार एवं अगोचर है। परमात्मा तक जाने का रास्ता इस शरीर के अन्दर ही है जो ध्यान साधना करने से संभव होता जीवात्मा परमात्मा का ही अंश है। यह मनुष्य शरीर ही ध्यान साधना करने का द्वार एवं मोक्ष का द्वार है। मंच संचालन जिला सह बहुक्षेत्रीय संतमत सत्संग के प्रचार मंत्री राजन कुमार चौरसिया कर रहे थे। मौके पर कुशेश्वर बाबा, रणवीर बाबा, जोगी बाबा, गौतम बाबा, दिनेश्वर बाबा, रामाधीन बाबा, प्रमोद कुमार शर्मा, सुदामा चौधरी, वासुदेव मंडल, प्रताप मंडल, परशुराम चौरसिया, राजेश शर्मा, विरेन्द यादव, चन्द्रशेखर मंडल, सीताराम वैध, परमानंद मंडल, अशोक तांती, सूरज कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद, प्रमोद यादव, विजय कुमार यादव, जयप्रकाश मंडल, शिवचरण साह, किशोर यादव, पूजा भारती, ललिता देवी, सुनिता गुप्ता, मंजु देवी, मीरा देवी सहित दूर दराज से सैकड़ो सत्संगी मौजूद थे आरती गान के पश्चात् कार्यक्रम की समाप्ति हुई ।

## सुपौल में पुलिस ने शुक्रवार को मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेन किया. पुलिस ने पिता-पुत्र दो अपराधियों को गिरफ्तार किया

लोक तंत्र की आवाज



**मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन**

**सुपौलः** ।बिहार के सुपौल में शुक्रवार को भपटियाही थाना क्षेत्र अंतर्गत माकरगढ़िया वार्ड नंबर 09 में पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेन किया. पुलिस ने पिता-पुत्र दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर अर्द्धनिर्मित राइफल सहित हथियार बनाने में उपयोग होने वाली उपकरण जब्त की. अपराध नियंत्रण के मद्देनजर पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है. पुलिस अधीक्षक शैशव कुमार यादव ने शनिवार को अपने कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर घटना के बाबत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि मिनी गन फैक्ट्री संचालन होने की सूचना मिलने पर भपटियाही थानाध्यक्ष एवं टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गंतव्य स्थल पर छापेमारी की. छापामारी के दौरान एक अर्द्धनिर्मित राइफल, ग्रेंडर मशीन सहित हथियार बनाने में उपयोग होने वाली कई उपकरण बरामद किया गया. हथियार का पता लगाया जा रहाः एसपी ने बताया कि घटना स्थल से माकरगढ़िया वार्ड नंबर 09 निवासी धुथर सुतिहार के पुत्र अर्जुन सुतिहार एवं अर्जुन सुतिहार के पुत्र अमित कुमार को गिरफ्तार किया गया. दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों पिता-पुत्र से पूछताछ में मिली जानकारी का सत्यापन कराया जा रहा है. यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इन दोनों ने कहां-कहां हथियार सप्लाई किया है. पिता और पुत्र के गिरफ्तारी से कई तरह की चर्चा होने लगी है. पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिता-पुत्र काफी दिनों से हथियार तस्करी एवं निर्माण का कार्य कर रहा था. पिता पुत्र की गिरफ्तारी से अपराधियों में हड़कंप व्याप्त है. पुलिस बड़ी कामयाबी मान रही है।

## राजनीति एवं बिहार की राजनीति में अस्थिरता बनी हुई है : राजद

लोकतंत्र की आवाज



**मुंगेर।** राजद के प्रदेश महासचिव प्रमोद यादव, जिला उपाध्यक्ष संजय पासवान, पूर्व जिला प्रवक्ता मंटू शर्मा,राजद के राजद परिषद सदस्य गजेंद्र कु हिमांशु ने जिला राजद कार्यालय से संयुक्तबयान जारी कर कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री एवं जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के कारण आज देश की राजनीति एवं बिहार की राजनीति में अस्थिरता बनी हुई है पता नहीं कब उनका मन बदल जाय और इधर से उधर हो जाए, क्योंकि पिछले 17 महीनों में महागठबंधन की सरकार में उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी के साथ मिलकर जिस तरह से दस लाख नौकरी देने के वादा के तहत लगभग पांच लाख नौकरियां देने का काम किया, वहीं केन्द्र सरकार के इच्छा के विरूद्ध बिहार में अपने संसाधनों से जातिय जनगणना कराया और पूर्व से निर्धारित 50 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ा कर 65 प्रतिशत कर दिया जिससे जिसकी जितनी जनसंख्या उसकी उतनी भागीदारी देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिसे अनुसूची-9 में शामिल करने हेतु अनुशंसा सहित विधिवत बिहार सरकार द्वारा केंद्र की मोदी सरकार से अनुरोध किया गया था जिसे केन्द्र सरकार ने नजर अंदाज कर दिया, जिसके कारण उच्च न्यायालय, पटना में आरक्षण नीति को चुनौती दिया गया, जिसे उच्च न्यायालय ने बिहार सरकार के प्रस्ताव रद्द कर दिये जाने संबंधी निर्णय सुनाया दिया, जबकि केन्द्र सरकार अगर अनुसूची-9 शामिल कर लिया जाता तो आज ऐसी नौबत नहीं आती । इसी दौरान नीतीश कुमार जी राजद जदयू महागठबंधन की सरकार छोड़ कर केन्द्र की मोदी सरकार एनडीए में शामिल हो गये जिन्होंने बिहार की नई आरक्षण नीति का उच्च न्यायालय में चुनौती दिया गया अगर नीतीश जी केन्द्र सरकार से अनुसूची-9 में शामिल करवाने में सफल होते तो उच्च न्यायालय में चुनौती नहीं दिया जाता, जैसे केन्द्र की मोदी सरकार ने सवर्णों को 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था का प्रस्ताव लेकर अनुसूची-9 में शामिल करा दिया गया । जिससे बिहार के पिछड़ा, अति-पिछड़ा समाज को हासिये पर लाकर खड़ा कर दिया है । जबकि केन्द्र की एनडीए में जबसे शामिल हुए हैं उससे मात्र व्यक्तिगत लाभ ले सकते हैं क्योंकि केन्द्र सरकार के मंत्रीमंडल में मनचाहा विभाग नहीं मिला, बिहार को विशेष राज्य के दर्जा के नाम पर खानापूर्ति कर बिहार की जनता को गुमराह किया जा रहा है । कभी पीएम मटेरियल रहे नीतीश कुमार की स्थिति अब सीएम मटेरियल की भी नहीं रह गया है ,पीएम मोदी जी बिहार में भाजपा की नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए जदयू का बलिदान चढ़ा सकता है ।

## ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने हेतु प्रत्येक स्कूल में इंटरनेट कनेक्शन के साथ एक-एक टैब दे शिक्षा विभाग

लोकतंत्र की आवाज

- शिक्षक राजकिशोर सिंह को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई



**छपरा (सारण)।** नगरा प्रखंड क्षेत्र में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय छितरौली के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकिशोर सिंह के सेवानिवृत्ति के मौके पर रविवार को सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान महासचिव दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षकों की विभिन्न तरह की समस्याओं से संघर्ष करने तथा सरकार से बात मनवाने के लिए एक मंच पर आना होगा। श्री सिंह ने कहा कि निरीक्षण के नाम पर शिक्षकों का शोषण बंद होना चाहिए। सरकार के मनमाने रवैये के कारण शिक्षकों का अपने ही मोबाईल से निगरानी कर रही है। यह अनुचित है। उन्होंने शिक्षा विभाग से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने हेतु प्रत्येक स्कूल में इंटरनेट कनेक्शन के साथ एक-एक टैब देने की मांग की।

समारोह को राजकुमार सिंह, विंदेश्वरी सिंह, अंचल सचिव अम्बिका प्रसाद यादव, जिला पार्षद प्रतिनिधि अभय सिंह, लेखापाल राजीव कुमार सिंह, मंटू मिश्रा, बीडीसी सत्येंद्र सिंह, नवल किशोर सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, विमल कुमार सिंह, दशरथ सिंह, आबिद हुसैन, रजनी कुमारी, अर्चना गुप्ता सहित अन्य शिक्षकों ने संबोधित किया। मंच का संचालन विश्वजीत सिंह ने किया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः रितेश सिंह बने युवा जनता दल के जिला सचिव



ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत

मोतिहारीः कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत पकड़ी दीक्षित निवासी किसान के बेटा रितेश सिंह को रविवार 30 जून 2024 पूर्वी चम्पारण युवा जनता दल के जिला सचिव बनाया गया है। जिला अध्यक्ष कुणाल सिंह पटेल के द्वारा पकड़ी दीक्षित निवासी रितेश सिंह को जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया है। इनके महासचिव बनने पर जिला अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वही श्री पटेल ने बधाई देते हुए कहा कि इनके आने से जिला कमिटी में काफी मजबूती मिलेगी। वहीं बधाई देने वाले में पूर्वी चम्पारण जदयू के जिला अध्यक्ष मंजू देवी, विधायक शालिनी मिश्रा, पूर्व विधायक रजिया खातून, प्रदेश सचिव रंजन सिंह पटेल, युवा जदयू के प्रदेश महासचिव मो0 ओबैदुल्लाह साहब, जिला उपाध्यक्ष विक्की सिंह पटेल, बब्लू सिंह पटेल, जिला मीडिया प्रभारी प्रशांत कुमार सिंह, सहित अन्य शामिल उपस्थित थे।

### गौनाहा : 3 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक गिरफ्तार जेल




**गौनाहा ।** मटियरिया थाना क्षेत्र के मटियरिया गांव से 3 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक शराब कारोबारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए मटियरिया थानाध्यक्ष अंकित कुमार दास ने बताया है कि थाना क्षेत्र के मटियरिया गांव निवासी दीप चन्द महतो पिता स्वर्गीय रमा महतो के पास से 3 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए रविवार को जेल भेज दिया गया है।

### पुल का डायवर्शन कमजोर होने से सीमेंट से भरा ट्रक पलटा



**गौनाहा ।** सहोदरा थाना क्षेत्र के प्रेमनगर के पास नवनिर्मित पुल के कमजोर डायवर्सन को पार करते समय सिमेंट लदा ट्रक पलट गया है। ट्रक के पलटते ही चालक फरार हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार दोमाठ पंचायत के नंदनी ट्रेडर्स घेघवलिया के लिए सिमेंट लेकर नरकटियागंज भिखनाठोरी मुख्य सड़क से आ रहा था। वहा पहुंचे जमुनिया पंचायत मुखिया विक्की कुमार ने बताया कि प्रेमनगर गांव के समीप नवनिर्मित पुल का डाइवर्सन कमजोर होने के कारण यह हादसा हुआ है। हालांकि हादसे में कोई हताहत नही हुआ है।

# वाल्मीकिनगर पंचायत के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का सीडीपीओ ने की औचक निरीक्षण, दी आवश्यक निर्देश

- सीडीपीओ सावित्री दास समेत सेविका, सहायिकाओं ने एक दर्जन से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिए संदेश

**सीडीपीओ के नेतृत्व में आगनबाड़ी सेविकाओं को सिखाया गया योग, आंगनबाड़ी केंद्रों पर होगा प्रतिदिन योगाभ्यास**



लोकतंत्र की आवाज

**बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा**

**बगहा।** प्रखंड प्रखंड बगहा दो के बाल्मीकिनगर पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 03 एवं कई अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सावित्री दास औचक निरीक्षण करने पहुंची।निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन, पंजी,साफ-सफाई, ड्रेस कोड,नामांकित बच्चों की उपस्थिति व बच्चों को दिए जा रहे पोषाहार की गुणवक्ता की जांच की गई साथ ही टीकाकरण,बच्चों का वजन, टीएचआर,ग्रोथ चार्ट पंजी सहित अन्य पंजियों का गहन जांच की।सीडीपीओ सावित्री दास ने सेविका व सहायिकाओं को कुपोषण-मुक्त समाज निर्माण के लिए नियमानुसार ससमय प्रतिदिन केंद्र संचालन का निर्देश दी। इसके साथ ही गुणवक्ता-पूर्ण पोषाहार व केंद्रों पर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कर्मियो को निर्देशित की।सीडीपीओ ने सख्त हिदायत दी कि किसी भी केंद्र की शिकायत या अनियमितता मिलने पर संबंधित आगंनबाड़ी कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान वाल्मीकीनगर पंचायत की सभी आंगनबाड़ी सेविका केंद्र संख्या 03 पर मौजुद रही।सीडीपीओ के नेतृत्व में सभी सेविकाओं को योग सिखाया गया तथा निर्देशित किया गया की आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रतिदिन बच्चों को योग सीखना सुनिश्चित करेंगे। उक्त आंगनबाड़ी केंद्र पर सीडीपीओ सावित्री दास के साथ स्थानीय सेविका,सहायिकाओं ने एक दर्जन से आधिक आम,कटहल, तथा विभिन्न प्रजातियों के फूल के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।सीडीपीओ सावित्री दास ने बतायी की प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से प्रकृति और मानव जीवन खतरे में है। इसे मद्देनजर हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और उन्हें पेड़ बनने तक संरक्षण देना चाहिए। पर्यावरण से हम सभी जीवित हैं। अगर पर्यावरण नहीं होगा तो हम भी नहीं होंगे।वही ग्लोबल वार्मिंग जैसे खतरों से बचने के लिए हमारे लिए पौधारोपण बहुत अधिक आवश्यक है।सीडीपीओ में उक्त पंचायत की सभी सेविका, सहायिकाओं को निर्देश दिया कि जहां भी संभव हो अधिक से अधिक संख्या में पौधों को लगा करके पर्यावरण की रक्षा करें।

## बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ आने ख़तरा ग्रामीण पलायन को मजबूर



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण।** जिले के सुगौली बरसात की दस्तक के साथ ही सुगौली में कई गांव के लोगों के बीच फिर संभावित पलायन का खतरा बना हुआ है। बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर के बढ़ने के साथ ही निमुई, डुमरी टोला,लाल परसा,भवानीपुर कैथवलिया इत्यादि कई गांव के लोगों की धड़कने बढ़ने लगती हैं। बांध के किनारे बसे सैकड़ों परिवार की जिन्दगी बरसात के चतुरमास में एनएच पर तम्बूओं में कटती है। इसका वजह यह है कि उक्त नदी के बाढ़ से बचाने को लेकर बनाए गए बांध के क्षतिग्रस्त होना है। पिछले साल ध्वस्त इस बांध की मरम्मति आज तक नहीं हो पाई है। और फिर बरसात का मौसम आ गया। सरकार की इस उदासीनता से लोगों में काफी रोष एवं नाराजगी भी है।

## इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, मौसम विभाग ने लोगों से की यह अपील

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत**

मौसम विभाग ने पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सुपौल, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, भागलपुर, खगड़िया, कटिहार और बांका जिले के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। साथ ही बताया है कि किसी भी हालत में लोग खुले स्थानों पर खेत, खलिहानों में नहीं रहने की बात कही. वहीं बिजली चमकने और ठनका से बचने की भी अपील की है। पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, भोजपुर, बक्सर, अरवल,भभुआ, रोहतास और औरंगाबाद के अनेक स्थानों में हल्के से मध्यम स्तर की वर्षा होने का पूर्वानुमान है। शेष सभी जिलों के एक या दो जगहों पर हल्की वर्षा का पूर्वानुमान है. इस दौरान तेज आंधी, मेघगर्जन और बिजली गिरने का खतरा भी बना हुआ है।

## मोतिहारीः चर्चित वायु सेना अधिकारी हत्याकांड में फैसला, तीनों अभियुक्त दोषी करार

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत**

**मोतिहारी ।** पूर्वी चम्पारण में 7 जनवरी 2022 को हुई वायु सेना अधिकारी कमलेश तिवारी की हत्या के तीनों नामजद अभियुक्तों को कोर्ट ने दोषी करार दिया है। इस मामले में 22 वीं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रश्मि वर्मा ने तीनों अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए मोतिहारी के सेंट्रल जेल भेज दिया है। दोषी करार दिए गये तीनों अभियुक्तों की सजा के बिंदुओं पर अब कोर्ट 11 जुलाई को सुनवाई करेगा। इस मामले में मृतक वायुसेना अधिकारी आलोक तिवारी के पिता चंदेश्वर तिवारी ने संग्रामपुर थाना कांड संख्या 5/2022 दर्ज कराते हुए कोईरगांवा के चंदेश्वर मुखिया, मुन्ना मुखिया और शंभु मुखिया को नामजद किया था। जिले के संग्रामपुर थाना इलाके के तिवारी टोला में हुई थी। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार चंदेश्वर तिवारी के पुत्र आलोक तिवारी वायु सेना में वारंट ऑफिसर थे और छुट्टी में घर आए हुए थे। इसी दौरान 7 जनवरी 2022 को उनके खेत में लगे ढठर को चंदेश्वर मुखिया, मुन्ना मुखिया और शंभु मुखिया उखाड़ रहे थे। जब आलोक तिवारी ने ढठर उखाड़ने से मना किया तो तीनों लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और सीने में खंती पाकर बेरहमी से हत्या कर दी।

## बॉयफ्रेंड के चक्कर में महिला दरोगा ने की आत्महत्या




लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**

**मुजफ्फरपुर।** साइबर थाने में तैनात प्रशिक्षु दरोगा दीपिका कुमारी उमर 28 वर्ष किराये पर लक्ष्मी नगर में रह रही आवास पर जहर खाकर अपनी जान दे दी बताते चले जहर खाने से पहले दीपिका ने अपने जेल में सिपाही के पद पर तैनात रोहित एवं अपनी मां संगीता देवी को फोन कर डिप्रेशन में होने की बात कही परिजन एवं पुलिस के पहुंचने से पहले ही जहर खाकर मौत को गले लगा लिया धटना स्थल पर पहुंची पुलिस उसे अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन वह अपना दम तोड़ चुकी थी वहीं पटना कृष्णा नगर से पहुंचे उसके परिजनों को पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर लाश को सौंप दिया इस घटना से जहां पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है वहीं परिजनों के बयान पर पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज कर जांच में जुट गई है इस संबंध में मुजफ्फरपुर सिटी एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया कि मृतिका का मोबाइल पुलिस ने जप्त कर लिया है तथा इस मोबाइल से कई रहस्य उजागर होने की पुलिस को शंका है इधर बॉयफ्रेंड के चक्कर महिला दरोगा द्वारा इस प्रकार का कदम उठाए जाने से पुलिस प्रशासन के गतिविधियों पर सवाल उठने लगा है सूत्रों की माने तो ऐसे कई जिलों में बॉयफ्रेंड की चक्कर में कहीं महिला पुलिस तो कहीं पुरुष पुलिस अपनी जान पुर्व में गवा चुके हैं।

## मोतिहारीः केसरिया के भगवाधारी नितेश ने अपने जन्मदिन पर सैकड़ों गरीब बच्चों में बांटे मिठाई

लोकतंत्र की आवाज



पूर्वी चम्पारणः केसरिया के युवा समाजसेवी भगवाधारी नितेश ने मिशाल कायम करते हुए। छोटे उम्र में उन्होंने अपने जन्मदिन पर सैकड़ों गरीब बच्चों में बांटे मिठाई। साथ ही इस कार्य में केसरिया के पूर्व वरिष्ठ शिक्षक रुपम मिश्रा ने भी इस नेक कार्य में अहम् भूमिका निभाई एवं सराहनीय कार्य बताईं हैं। वहीं भगवाधारी नितेश ने कहा कि पेड़ से ही धरती की खूबसूरती होती हैं। मैंने अपने जन्मदिन के अवसर पर एक एक पेड़ लगाया है। जिससे मुझे बहुत ही सुकून मिला। आप भी एक एक पेड़ लगाएं जिससे पर्यावरण संरक्षण को हमेशा जिवित रखा जा सकें।इस कार्यक्रम के मौके पर पूर्व वरिष्ठ शिक्षक रुपम मिश्रा, पुरुषोत्तम कुमार बैधनाथ पासवान, अमरेन्द्र कुमार दीपक, अंकुश कुमार, सत्यम कुमार, रौशन कुमार, शिवानी कुमारी, अनुप्रिया कुमारी,अनुष्का कुमारी, सृष्टि कुमारी, अर्पिता कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## आधार कार्ड बनाने के नाम पर हो रहा अवैध वसूली

लोकतंत्र की आवाज



**क्षितिज राज**

प्रखण्ड बगहा के पतिलार पंचायत के पंचायत भवन के पिछे चोरी छिपे कुछ लोगों द्वारा आधार कार्ड बनाया जा रहा है जिसमें आधार कार्ड बनवाने आए व्यक्तियों से 500 से 550 रुपए प्रति आधार कार्ड वसूली किया जा रहा है सबसे ताजूब कि बात कि आधार कार्ड बनाने की खबर ना स्थानीय जनप्रतिनिधियों को है और ना ही प्रखंड प्रशासन को फिर भी बिचौलियों द्वारा आम जनों से अवैध रुपया वसूली किया जा रहा है और प्रशासन मुक दशक बना हुआ है वही आधार कार्ड बनवाने आए आम जनता कि क्या बात उन्हें तो किसी तरह उनका आधार कार्ड बन जाए उसी से मतलब चाहे पैसा कितना भी लगे परंतु इस प्रकार का कार्य एवं प्रकार से गैरकानूनी ही है अब देखना है क्या प्रशासन इस रोक लगा पाती है कि नहीं। आधार कार्ड बनाने वाले से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरे पास आईडी हैं इसी पर हम लोग काम कर रहे हैं तो जब एक पत्रकार द्वारा उन लोगों से जब आईडी मांगा गया तो वो लोग बंद कर के भागने लगे। जो कार्ड बनवाने आ रहे हैं तो उनसे मनमानी पैसा वसूली कर रहा हैं।

## हत्या के प्रयास, एनडीपीएस एक्ट, शराब के कांड एवं अन्य कांड में 10 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा। बगहा पुलिस जिला में शनिवार को विगत 24 घंटा में 10 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है,कुल-17 वारंट का निष्पादन किया गया है जिसमें जमानतीय 12 अजमानतीय 05 और कुर्की 04 है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज़ जारी करके दिया।उन्होंने बताया कि धनहाँ थाना,भितहाँ थाना,नौरंगिया थाना,ठकराहाँ थाना,रामनगर थाना द्वारा हत्या के प्रयास, एनडीपीएस एक्ट, शराब के कांड एवं अन्य कांड में 10 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही 15.345 लीटर अंग्रेजी शराब व 10 लीटर देशी शराब बरामद किया गया।वही पटखौली थाना द्वारा 13.142 किलोग्राम गांजा, 01 मोटरसाईकिल, 02 मोबाईल जब्त किया गया। इस संबंध में पटखौली थाना द्वारा काण्ड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। एसपी श्री सरोज ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया।जॉच के क्रम में यातायात थाना द्वारा-31,000, बगहा थाना द्वारा-24,000, रामनगर थाना द्वारा-14,000, चौतरवा थाना द्वारा-10,000, धनहाँ थाना द्वारा-10,000 इस प्रकार कुल 89,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया। अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए शनिवार की रात्रि में विभिन्न थाना क्षेत्रों में बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण एवं पूर्ण शराबबंदी प्रभावी हेतु संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों का विधिवत जांच किया गया।रविवार को एसपी बगहा के निर्देशन में बगहा पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए रखने हेतु दिवा गश्ती के दौरान विभिन्न थाना अंतर्गत वाहनों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई।

## अंदरपास पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणो का प्रदर्शन, एस डी एम ने सुनी समस्या

लोकतंत्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत सलेमपुर पंचायत स्थित फौजदारी ग्राम में हो रहे फोर लेन में अंडरपास पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों का लगातार एक माह से शांतिपूर्ण धारणा प्रदर्शन जारी हैं।वहीं शनिवार को कहलगांव एसडीएम अशोक मंडल ने प्रदर्शन स्थल पहुंच कर लोगों की समस्या से अवगत हुए। जिसमे उन्होंने बताया की कृषि संबंधित जितने भी कार्य हैं वह इसी सड़क के माध्यम से होते हैं एवं हम लोग पूर्णतः कृषि पर आधारित है ।यह सड़क चार से पांच गांवों को जोड़ती है।पुल निर्माण के हो जाने से भविष्य में होने वाले खतरे से बचा जा सकता है।वहीं अशोक मंडल ने लोगो को एन एच के अधिकारी से बात कर पूर्ण सहयोग की देने का आश्वासन दिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य कैलाश यादव, मुखिया प्रतिनिधि घनश्याम दास, बबुआ दूबे,शेखर यादव,सुदामा यादव, करीमन, विनोद बिहारी यादव, भिखारी पंडित, नारायण पंडित, सुभाष दास, शंकर रिख्याशन, मुन्ना महतो, बसंती देवी ज्ञानवंती देवी, सहित सैकड़ों की संख्या में स्त्री पुरुष मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हूल दिवस पर गीता मुर्मू ने किया शहीदों को याद



लोकतंत्र की आवाज
संवाददाता रवि प्रकाश सिंह

घाटशिला। हूल दिवस के मौके पर भाजपा नेत्री गीता मुर्मू ने सिदो–कान्हू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया और हुल क्रांती में शहीद हुए तमाम वीर शहीदों को शत–शत नमन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा की हल्क क्रांति के नायकों को हम कभी भूल नहीं सकते हैं उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हमें आगे बढ़ना चाहिए साथ ही प्रधानमंत्रि नरेन्द्र मोदी के मन की बात को गीता मुर्मू अपने भाजपा कार्यकर्ता के साथ बूथ संख्या–62 में सभी के साथ उपस्थित होकर दूरदर्शन के माध्यम से सुना और देखा और मन की बात सुनकर एक दूसरे से बात किया की बहुत जानकारी और प्रेरणा मिला। मौके पर भोला झा, अमृता सहाय, अखिलेश शर्मा, भरत हेम्ब्रम, ममोन संगीता आदि उपस्थित रहे।

### कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मनाया हूल दिवस



लोकतंत्र की आवाज
संवाददाता रवि प्रकाश सिंह

घाटशिला। झारखण्ड कांग्रेस प्रदेश सचिव सह 20 सूत्री पूर्वी सिंहभूम जिला सदस्य सनत कालटू चक्रवर्ती के नेतृत्व में झारखंड के वीर शहीद सिदो कान्हू जी के हूल दिवस पर कांग्रेस पार्टी के द्वारा कीताडीह, सिद्धु कान्हु मैदान पर स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया..! इस मौके पर श्री चक्रवर्ती ने कहा की स्वतंत्रता संग्राम में देश की आज़ादी के लिए कई लोगों ने अंग्रेजों से लोहा लेते हुए बलिदान दिया था इसमे झारखंड के वीर शहीद भी पीछे नहीं थे जिनमे सिदु कान्हू जी के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता हैं सिदु कान्हू जी के आजादी के लड़ाई में दिए गए योगदान को हम दिल से नमन करते हैं देश के लिए उनके दिये गये बलिदान हमेशा युवा पीढी को प्रेरणा देता रहेगा..! इस मौके पर घाटशिला कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष सत्यजीत सीट, बादल गिरी, विजय सीट, वाहिद खान, बाबू मुचीराम मांझी, रवि दास, अजय दे, राजा दत्ता, विश्वनाथ प्रताप, मो.इरफान सहित अन्य उपस्थित रहे..!

### कोल्हान में मजबूत होगा AISMJWA, बधाई देने देवेंद्र, अभिषेक और चरणजीत के आवास पहुंचे राष्ट्रीय महासचिव प्रीतम भाटिया



लोकतंत्र की आवाज

अनेक बिहारी खेमका, जमशेदपुर। ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वैलफेयर ऐसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव प्रीतम सिंह भाटिया आज अचानक नवमनोनित प्रदेश सचिव देवेंद्र सिंह, कोल्हान अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा और जमशेदपुर शहरी जिला अध्यक्ष चरणजीत सिंह के आवास पहुंचे। आज देर रात झारखंड के सह प्रभारी शंकर गुप्ता के साथ तीनों नवमनोनित पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराते हुए श्री भाटिया ने ऐसोसिएशन को जिले से लेकर प्रदेश में पत्रकारों की एकजुटता, सुरक्षा और सम्मान पर चर्चा की। तीनों नवमनोनित पदाधिकारियों ने ऐसोसिएशन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए भविष्य के सभी कार्यक्रमों व पत्रकारहित के कार्यों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने का आश्वासन दिया है।

### अंग्रेज़ी हुकूमत के खिलाफ़ विद्रोह के प्रतीक हूल दिवस पर झारखण्ड के अमर शहीदों को शत् शत् नमन

लोक तंत्र की आवाज़

साहेबगंज। हुल क्रांति के महानायक अमर शहीद सिधो, कानु, चद, भैरव, फूलों झानो सहित सभी अमर शहीदों को शत–शत नमन। हूल दिवस के अवसर पर आज साहेबगंज स्टेडियम में हूल क्रांति के महानायक अमर शहीद सिदो–कान्हू जी को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में कॉंग्रेस के प्रदेश सचिव अनिल ओझा, नगर अध्यक्ष महेंद्र पासवान, प्रखंड अध्यक्ष मनोज ओझा, जिला उपाध्यक्ष कौशिक विश्वास जी, कॉंग्रेस के वरीय नेता पूर्व जिला महासचिव जनाब निजामुद्दीन अंसारी, युवा कॉंग्रेस के प्रदेश संजोजक संतोष स्वर्णकार, कॉंग्रेस नेता दिनेश पासवान, नगर उपाध्यक्ष आकाश चौधरी, राजेश केशरी, राजेश चौधरी, अजीत गुप्ता, नीरज यादव सहित दर्जनों कॉंग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# राजनीति में जब तक युवाओं का भागीदारी नही बढ़ेगी, तब तक विकास के नए रास्ते नही खुलेंगे: पूर्व सांसद धूरन राम

लोकतंत्र की आवाज





**संवाददाता, अरविंद अग्रवाल**

**छत्तरपुर (पलामू)।** छत्तरपुर जपला रोड स्थित परी मैरेज हाल में रविवार को छतरपुर के युवाओं द्वारा अपना क्षेत्र को विकास के मुद्दे पर बैठक की गई। जिसमे पूर्व सांसद घूरन राम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज चन्द्रवँशी ने किया। मौके पर पूर्व सांसद घूरन राम ने कहा कि राजनीति में जब तक युवाओं का भागीदारी नही बढ़ेगी तब तक विकास के नए रास्ते नही खुलेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी जब तक समस्याओं पर मुखर नही होंगे तब तक समाधान नही होगा उन्होंने कहा कि इसका जीत जागता एक उदाहरण है।

सोन नदी से छतरपुर में पानी लाने की। उन्होंने कहा कि पिछले सात साल से यह परियोजना सुस्त गति से आगे बढ़ रहा है। यह कार्य को एक साल में पूरा करना था। जो अब तक पूरा नही हुआ यह घोर चिंता की विषय है। उन्होंने कहा कि सरकार के करोड़ो रूपये की लागत से निर्माणाधीन योजना पूर्ण होने से आज छतरपुर में लोगो को पानी की समस्या नही होती लेकिन आज भी जनप्रतिनिधियों के चुप्पी से लोगो के समस्या जस की तस है। उन्होंने कहा कि छतरपुर विधानसभा में विकास की नई गाथा लिखने का समय है। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंकज चन्द्रवँशी ने कहा कि इस बार विधानसभा में मुखर व्यक्तित्व को भेजे जाने की जरूरत है। इस बार बदलाव का बयार बह रहा है। उन्होंने कहा कि छतरपुर में पानी की गम्भीर समस्या है। और आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही है। जिसे रोकने के लिए युवाओ को आगे आना है। कार्यक्रम में याद अली, विकास कुमार, उमेश यादव मुखिया, राजेश राम मुखिया, छोटू विश्वकर्मी समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## थर्मल प्लांट में कार्य के दौरान छाई के चपेट में आने से सप्लाई मजदूर घायल



लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**बोकारो (झारखंड)।** जिले के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत बोकारो थर्मल दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के बोकारो थर्मल प्लांट में अंदर छाई के चपेट में आ जाने से 55 वर्षीय सप्लाई मजदूर राजेश्वर प्रसाद गिरकर घायल हो गया। घटना 29 जून की दोपहर लगभग एक बजे की बतायी जा रही है। घायल मजदूर का इलाज डीवीसी के बोकारो थर्मल अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है कि घायल मजदूर प्लांट के अंदर छाई से भरा कम्बाइंड टंकी के समीप कार्य कर रहा था। इस दौरान बी प्लांट का कटिंग कार्य कर रही राधा टीएमटी कम्पनी द्वारा काटा गया लोहे का बड़ा टुकड़ा छाई से भरा कम्बाइंड टंकी जो पहले से छतिग्रत था उसके ऊपर गिर गया जिसके चपेट में वहा कार्य कर रहे सप्लाई मजदूर राजेश्वर प्रसाद आ गए और टंकी में भरा छाई ने उन्हें पूरी तरह ढक दिया। वहां कार्यरत अन्य मजदूरों के सहयोग से उसे छाई से बाहर निकाला गया।

घायल मजदूर को तत्काल डीवीसी के बोकारो थर्मल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि घायल मजदूर ठिकेदार शंकर चौधरी के आधीन कार्यरत है। घटना से आक्रोशित मजदूर यूनियन के नेता बालेश्वर यादव, रामलाल पासवान, संजय कुमार, बीके सिंह, गणेश राम आदि ने कहा कि बी प्लांट का कटिंग का काम कर रही राधा टीएमटी कम्पनी के अधिकारियो की लापरवाही के कारण प्लांट के अन्दर आए दिन मजदूरों के साथ दुर्घटनाएं घट रही है।

## क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने किया क्षेत्र का दौरा



लोकतंत्र की आवाज

**संवाददाता, अरविंद अग्रवाल**

**छतरपुर पलामू।** छत्तरपुर पाटन विधायक पुष्पा देवी, और पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने पाटन प्रखंड के कस्बाखाड, रोल, लरबंधवा, खजुरी, बघमरी, तुइया, दिपौआ, बगैया, बासाबार आदि दर्जनों गांव में जाकर लोगो की समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और उन्होंने विधायक मद की राशि से जो संभव हो सकता है उसे अविलंब पूरा करने की बात कही।

स्थानीय लोगों की मांग पर चबूतरा निर्माण, चापाकल, पीसीसी पथ निर्माण इत्यादि दर्जनों योजनाओं का धरातल पर जल्द लाने की बात कही। क्षेत्र भ्रमण के दौरान विधायक के काफिले के साथ जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, मुखिया हरेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया विशेष पासवान, भाजपा नेता जैनेंद्र यादव, राधेश्याम सिंह, अनु सिंह, मनीष सिंह, राजू माली, जगदीश सिंह, राणा गुरुजी, अजय प्रसाद मनोज प्रसाद, राम बिहारी मेहता, श्याम बिहारी सिंह, विनोद पांडे, नागेंद्र प्रसाद, गुड्डू सिंह, बाल गोविंद प्रसाद, महिला मोर्चा के जिला मंत्री पिंकी विश्वकर्मा और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## घाटशिला: हूल दिवस पर जिला पार्षद हेमंत मुंडा के स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का हुआ समापन

लोकतंत्र की आवाज



**संवाददाता रवि प्रकाश सिंह**

**घाटशिला।** धालभूमगढ़ के जिला पार्षद हेमंत मुंडा के स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का समापन रविवार को मोहल्ले स्कूल मोहाली स्कूल पंचायत मंडप में हो गया यह उनका दसवां कैंप है सभी कैंप निशुल्क इन कैंपों में फुल बॉडी चैकअप के साथ–साथ ब्लड प्रेशर शुगर व आंखों की जांच की व्यवस्था थी संजीव नेत्रालय जमशेदपुर द्वारा नेत्र जांच के बाद मरीज का फ्री ऑपरेशन भी किया गया

कई शिविरों में मरीज को फ्री चश्मा दिया गया अलग–अलग स्थान में कुल 10 दिवसीय कैंप में डेढ़ हजार से ज्यादा मरीज के स्वास्थ्य जांच की गई रविवार को आयोजित कैंप में संजीव नेत्रालय जमशेदपुर से आए चिकित्सक अमामिका दत्ता द्वारा 42 ग्रामीण पुरूष महिला के नेत्र जांच कर उसमे 7 मोतियाबिंद मरीजों को चयनित कर आयुष्मान स्वस्थ बीमा के तहत आगे शनिवार को जमशेदपुर संजीव नेत्रालय में निशुल्क आपरेशन किया जाएगा, मरीजो को आने जाने के लिए एम्बुलेंस की निशुल्क सुबिधा रहेगी, न्यूट्रिशन हेल्थ काउंसलिंग जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा 57 लोगो ने क्वांटम मैग्नेटिक एंलाइजर एव बीएमआई अत्याधुनिक तकनीक मशीन द्वारा पूरे शरीर के जांच कर लोगो को स्वस्थ रहने की सलाह दी, अनुराधा और दीपा कौर ने सभी सदस्यों को घरेलू उपचार कर स्वस्थ रहने की सलाह एव ब्यूटी टिप्स की जानकारी दी, उन्होने घर घर आयुर्वेद तुलसी ड्रॉप सेवन करने की बात कही, जॉच में आए सभी सदस्यों को जॉच रिपोर्ट भी दिए गए, जिला परिषद सदस्य हेमन्त मुंडा जून माह में लगातार प्रत्येक सप्ताह शनिवार और रविवार निशुल्क कैंप कर गांव गांव जाकर लोगो को स्वस्थ सुबिधा का लाभ दिलाने का कार्य किया, इस निशुल्क स्वस्थ शिविर का लाभ प्राप्त कर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग काफी खुश हुए, श्री मुंडा ने कहा कि आगे भी समय को देखते हुए दूर दराज गांव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कैंप प्रत्येक माह में 2/3 बार किया जाएगा, कैंप में ग्राम प्रधान सेरविंधु नमाता और ग्राम मुखिया बिक्रम टुडू के अलावा कई ग्रामीण उपस्थित रहे

## बदलाडीह में हूल दिवस पर नायक सिदो कान्हु को नमन कर माल्यापर्ण अर्पित किया गया

लोकतंत्र की आवाज



**देवघर।** झामुमो जिला संयुक्त सचिव सूरज झा के नेतृत्व में जसीडीह के बदलाडीह में संथाल विद्रोह के अमर नायक सिदो कान्हू को हूल दिवस के मौके पर स्मरण किया गया। इस दौरान दोनों महान विभूतियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर झामुमो जिला संयुक्त सचिव सूरज झा ने कहा कि अपनी अस्मिता की रक्षा के साथ अन्याय के खिलाफ ऐतिहासिक युद्ध करने वाले सिद्धों, कान्हू, चांद भैरव तथा फूलो झानो जैसे वीर और वीरांगनाओं के बलिदान की अमर गाथाऐं स्वर्णाक्षरों में अंकित है।

उन क्रांतिकारियों के आदर्श, हम सभी देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगें। आजादी के प्रथम आंदोलन 1857 के ठीक दो वर्ष पूर्व 1855 में भोगनाडीह में 400 गांव के करीब पचास हजार आदिवासियों ने ब्रिटीस हुकुमत के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम का बिगुल फूंका और चिंगारी भड़का दिया। इस आंदोलन ने अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी और उन्हें घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में एक और हूल का उलगुलान की जरुरत है जिसका नेतृत्व हेमंत सोरेन करने जा रहे हैं। मौके पर सिंह, सरोज सिंह, रौशन सिंह, अनिता टुडू, सीता मुर्मू आदि मौजूद थे।

## भाजपा नेता की पहल पर भीम बराज से उत्तर कोयल नहर में छोड़ा गया पानी, किसानों में हर्ष

लोकतंत्र की आवाज



**संवाददाता अरविंद अग्रवाल**

**छत्तरपुर पलामू।** हुसैनाबाद के भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह की पहल पर मोहम्मदगंज स्थित भीम बराज से रविवार को उत्तर कोयल नहर में पानी छोड़ दिया गया है।

भाजपा नेता श्री सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कार्यपालक अभियंता से सार्थक बातचीत के बाद उत्तर कोयल मुख्य नहर में पानी छोड़ा गया है। उन्होनें कहा कि आद्रा नक्षत्र में भी बारिश नहीं होने के कारण किसान अबतक धान का बिचड़ा नहीं लगा सके हैं। भाजपा नेता ने कहा कि नहर में पानी आने से कम से कम नहर कमान क्षेत्र के किसान धान का बिचड़ा लगा सकेंगे और पम्प के सहारे लगाए गए बिचड़े को सूखने से बचा पाने में सफल होंगे। श्री सिंह ने कहा कि रविवार को बराज के राईट साईड का गेट ऑन कर उत्तर कोयल नहर में पांच सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। दो–तीन दिनों के बाद पानी की मात्रा और बढ़ाई जाएगी। नहर का पानी अभी पंसा होते हुए सोमवार तक हुसैनाबाद प्रखंड में प्रवेश कर जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि फिलहाल बराज में प्रर्याप्त पानी का स्टॉक जमा हो चुका है। कोयल नहर में पानी छोड़े जाने से पहले मेकेनिकल विभाग ने बराज के सभी सिस्टम को पूर्ण कर दिया है। अब किसानों के लिए पानी की आपूर्ति निर्बाध गति से होगी। भाजपा नेता विनोद सिंह की उक्त महत्वपूर्ण पहल पर किसानों में हर्ष का माहौल है।

## ग्रीन मैन मदन मोहन सोरेन के नेतृत्व में मना हूल दिवस

लोकतंत्र की आवाज

### 30 जून को हर वर्ष मनाया जाता है हूल दिवस



**संवाददाता रवि प्रकाश सिंह**

**घाटशिला।** सामाजिक कार्यकर्ता सह ग्रीन मेन मदन मोहन सोरेन ने सिदो कान्हू हूलगरिया मैदान कीताडीह मे हूल दिवस के मौके पर अमर शहीद सिदो–कान्हू की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मदन मोहन ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आदिवासियों के विद्रोह, संघर्ष और उनके बलिदान को याद करने का विशेष दिन है।

मदन मोहन ने 30 जून को हूल दिवस के रूप में मनाया जाता है। 30 जून 1855 में सिदो, कान्हू, चांद, भैरव, फूलो, झानो के नेतृत्व में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंका गया था। यह आंदोलन संथाल परगना के साथ पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में फैला था। इस क्रांति ने ब्रिटिश हुकूमत को झकझोर कर रख दिया था। उन्होंने कहा कि हजारों क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। बाद में इस हूल के मुख्य नेतृत्वकर्ता सिदो–कान्हू को साहिबगंज के भोगनाडीह में अंग्रेजों ने फांसी पर लटका दिया था।

संताल विद्रोह के नायकों की शहादत से प्रेरणा लेते हुए युवाओं को पुनः और एक झारखंड की नवनिर्माण के लिए हूल की जरूरत है। इस अवसर पर माझी परगना महाल के बहादुर सोरेन, सुधीर सोरेन, रामचंद्र, सिदो मुर्मू, दामू प्रमाणिक आदि उपस्थित थे।

## छत्तरपुर प्रखंड कार्यालय में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर आयोजित

लोकतंत्र की आवाज




- आज लोगों को सजग और समझदार नागरिक बनने की आवश्यकता है: बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह
- अपने हक और अधिकार जानना और उसका समाज और गांव के विकास में सहयोग करना है: बीस सूत्री उपाध्यक्ष चन्दन प्रकाश सिन्हा

**संवाददाता अरविंद अग्रवाल**

**छत्तरपुर पलामू।** प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय के सभागार में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह ने कहा कि लोगों को सजग और समझदार नागरिक बनने की आवश्यकता है। सरकार के सारे विकास के कार्यों में निदान कानूनन किया जाता है और इससे संबंधित कानूनी जानकारी अती आवश्यक है।

बीस सूत्री उपाध्यक्ष चन्दन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपने हक और अधिकार जानना और उसका समाज और गांव के विकास में सहयोग करना है यदि लोगों को कानूनी जानकारी नहीं हो तो झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा मुफ्त परामर्श एवं सहयोग किया जाता है आज लोगों को अपने हक एवं अधिकार को जानना चाहिए एवं यदि कहीं उनके हक या अधिकार का हनन हो रहा हो तो उसके खिलाफ कानूनी रूप से आवाज उठाने की आवश्यकता है ताकि एक समृद्ध गांव पंचायत राज्य का निर्माण हो सके साथ ही आवश्यकता पड़ने पर प्राधिकार से सहयोग लिया जा सकता है सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभ के लिए भी प्राधिकार का सहयोग लिया जा सकता है। कार्यक्रम में कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं जेएसएलपीएस के द्वारा परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में अंचलाधिकारी नित्यानंद प्रसाद, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी शीला कुमारी, मोतीलाल शर्मा, अविनाश कुमार, नवाब खान, आकाश कुमार, बिट्टू कुमार, सहाबुद्दीन अंसारी, शशि कुमार, बिनोद कुमार यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

